
Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 110 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, सोमवार 14 अक्टूबर 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रुपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



दण्ड संहिता जिस देश से निकाल दी जाती है, वहां अपराधों का साम्राज्य फैल जाता है।

The empire of crimes spreads in a country where panel low is discarded.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज लैलूंगा में उरांव समाज के करमा महोत्सव में होंगे शामिल

**रायपुर (विसं)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय 14 अक्टूबर को एक दिवसीय रायगढ़ जिले के लैलूंगा प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार मुख्यमंत्री श्री साय 14 अक्टूबर को दोपहर 2.15 बजे ग्राम-सिलौटा, जिला-सूरजपुर से हेलीकाप्टर द्वारा प्रस्थान कर अपरान्ह 3 बजे लैलूंगा पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री अपरान्ह 3.05 बजे वृहत सम्मेलन एवं उरांव समाज के करमा महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री श्री साय शाम 4.10 बजे लैलूंगा से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### डॉक्टर नहीं कर सकते हैं निजी प्रैक्टिस

**रायपुर (विसं)।** प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा विभाग ने बड़ा कदम उठाते हुए एनपीए का लाभ वाले चिकित्सा अधिकारियों की पूरी सूची जारी की है। इसके अलावा यह लिस्ट सीजीडीएमए के वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया है। ऐसे में यदि एनपीए लेने वाले चिकित्सक निजी प्रैक्टिस करते पाए गए तो उनपर विभाग की तरफ से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि, ऐसे डॉक्टर्स, चिकित्सा अधिकारी या चिकित्सा शिक्षक जो निजी प्रैक्टिस नही करते हैं उन्हें शासन द्वारा वेतन के अतिरिक्त नॉन प्रैक्टिसिंग एलाउंस यानी एनपीए भी मुहैय्या कराया जाता है। इस विशेष भत्ते का लाभ लेने के बाद वह निजी प्रैक्टिस नहीं कर सकते।

## सजेगा-संवरेगा भंडारपुरी धाम, गुरु घासीदास की कर्मभूमि भंडारपुरी का नए स्वरूप में होगा विकास



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज रायपुर जिले के भंडारपुरी धाम में गुरुदर्शन और संत समागम मेला में शामिल हुए। उन्होंने भण्डारपुरी धाम में सतनामी समाज गुरुगद्दी आसन के दर्शन और पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली और सामाजिक समरसता की कामना की। उन्होंने सतनामी समाज के गुरुओं को सामाजिक एकता और भाईचारे का प्रेरणास्त्रोत बताया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान गुरु घासीदास की कर्मभूमि भंडारपुरी धाम को सजाने-संवारने के लिए कई कार्यों की घोषणा की। उन्होंने प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले भंडारपुरी मेला के लिए हर साल 20 लाख रुपए और मेलास्थल के विकास के लिए 30 लाख रुपए देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने भंडारपुरी में मिनी स्टेडियम के जीर्णोद्धार के लिए दस लाख रुपए और अटल समरसता भवन के प्रथम तल के लिए 20 लाख रुपए देने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि भंडारपुरी के लोगों की सुविधा के लिए आंतरिक मार्गों और सड़कों को बनाने का काम और रायपुर जिले के संडी-सेजा-भंडार मार्ग के निर्माण को आगामी बजट में शामिल किया जाएगा। भंडारपुरी धाम में गुरुदर्शन और संत समागम मेला में राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा,

- गुरुदर्शन और संत समागम मेला में शामिल होने भंडारपुरी पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने की कई घोषणाएं
- 'मनखे मनखे एक समान' की सोच पर चल रही है छत्तीसगढ़ सरकार : विष्णुदेव साय
- प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले भंडारपुरी मेला के लिए हर साल 20 लाख और मेलास्थल के विकास के लिए 30 लाख रुपए देने की घोषणा की

विधायक एवं अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष गुरु खुशवंत साहेब, सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, विधायक श्री डोमनलाल कोर्सेवाड़ा और श्री अनुज शर्मा सहित सतनामी समाज के अनेक धर्म गुरु तथा अनुयायी भी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज भंडारपुरी में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे सनातन धर्म में गुरु का बड़ा महत्व है। छत्तीसगढ़ की सरकार गुरु घासीदास के बताए 'मनखे मनखे एक समान' के मार्ग पर चल रही है। हम सभी धर्मों, जातियों और समाजों के विकास के लिए कृत संकल्पित हैं। हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी भी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के ध्येय पर चलकर देश का विकास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने राज्य के जरूरतमंद परिवारों के लिए 18 लाख आवासों की गारंटी दी थी। हमारी सरकार बनने के दूसरे ही दिन हमने कैबिनेट की बैठक में 18 लाख आवासों की स्वीकृति दी थी। प्रधानमंत्री ने अभी हाल ही में छत्तीसगढ़ में आठ लाख 46 हजार 991 आवासों की स्वीकृति दी है। जैसे-जैसे आवासों का निर्माण पूरा होता जा रहा है, वैसे-वैसे हितग्राहियों को आवासों की चाबी सौंपी जा रही है। उन्होंने कहा कि हमने किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदकर मोदी जी की गारंटी को पूरा किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम राज्य के स्कूलों को संवार रहे हैं और उनमें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के वातावरण का निर्माण कर रहे हैं। पीएम श्री योजना में प्रदेश के 341 स्कूलों का अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ उन्नयन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में 2 अक्टूबर को प्रारंभ हुई जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना का लाभ छत्तीसगढ़ के छह हजार गाँवों तक पहुंचेगा।

राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने भंडारपुरी धाम में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु घासीदास बाबा के छठवें वंशज आज हमारे साथ यहां मौजूद है, यह हमारा सौभाग्य है। हम गुरु घासीदास के बताए रास्ते पर चलें और राज्य के विकास में सहभागी बने। हमारे मुख्यमंत्री ने केवल सौ दिनों में ही मोदी जी की अधिकांश गारंटियां पूरी कर दी हैं। डबल इंजन की सरकार दुगुने रफ्तार से राज्य का विकास कर रही है।

विधायक श्री खुशवंत साहेब ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ का साँय-साँय विकास हो रहा है। उन्होंने भण्डारपुरी धाम मेला के इतिहास को रेखांकित करते हुए कहा कि राजा बालकदास जी के सम्मान में यहां मेला आयोजित होता है। यहां धर्म मंच से सतनाम के आदर्श और ज्ञान को बताया जाता है।

## 'पीएम गति शक्ति' भारत के बुनियादी ढांचे में क्रांति और नए अवसरों का सृजन : प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** रविवार को 'पीएम गति शक्ति' पहल के तीन साल पूरे हो चुके हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'पीएम गति शक्ति' के भारत की बुनियादी ढांचे और विकास पर पड़ने वाले प्रभाव का जिक्र किया।



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर 'माई गवर्नमेंट इंडिया' ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, आज हम पीएम गति शक्ति के तीन साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं, जिसे पीएम मोदी ने लॉन्च किया था। यह अभूतपूर्व पहल भारत के बुनियादी ढांचे को और अधिक स्मार्ट और एकीकृत बना रही है, आर्थिक विकास को बढ़ावा दे रही है और विकास के भविष्य को आकार दे रही है।

इस पोस्ट पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लिखा, गति शक्ति की बदौलत देश विकसित भारत के हमारे सपने को पूरा करने के लिए गति के साथ आगे बढ़ रहा है। यह प्रगति, उद्यमशीलता और नवाचार को प्रोत्साहित करेगा। इसके अलावा, उन्होंने इस दूसरे पोस्ट में लिखा, पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान भारत के बुनियादी ढांचे में क्रांति लाने के उद्देश्य से एक परिवर्तनकारी पहल के रूप में उभरा है। इसने मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाया है, जिससे सभी क्षेत्रों में तेज और अधिक कुशल विकास हुआ है। इसने लॉजिस्टिक्स को बढ़ावा दिया है, देरी कम हुई है और कई लोगों के लिए नए अवसर पैदा हुए हैं।

पीएम गति शक्ति के तीन साल पूरे होने पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एक्स पर पोस्ट किया, आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी के लिए प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के शुभारंभ के 3 वर्ष पूरे हो गए हैं। लॉजिस्टिक्स को सुव्यवस्थित करके और कनेक्टिविटी को आगे बढ़ाकर, यह पथप्रदर्शक पहल तेज और अधिक कुशल परियोजना कार्यान्वयन सुनिश्चित करती है। यह एक आधुनिक, परस्पर जुड़े बुनियादी ढांचे के नेटवर्क को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिससे विकसित भारत के निर्माण की दृष्टि को मजबूती मिलती है।

## बाबा सिद्दीकी की हत्या पर राहुल बोले, महाराष्ट्र में कानून-व्यवस्था ध्वस्त

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और कारोबारी बाबा जियाउद्दीन सिद्दीकी की हत्या को हैरान करने वाली घटना बताया है। राहुल से पहले मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी सोशल प्लेटफॉर्म पर बाबा की हत्या पर दुख जताते हुए जवाबदेही की मांग उठाई।



बाबा सिद्दीकी की हत्या से राहुल गांधी स्तब्ध हैं। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, बाबा सिद्दीकी की हत्या चौंकाने वाली घटना है। यह भयावह घटना महाराष्ट्र में पूरी तरह ध्वस्त कानून-व्यवस्था को उजागर करती है। सरकार को जिम्मेदारी लेनी चाहिए और न्याय मिलना चाहिए।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने पूर्व कांग्रेसी नेता रहे बाबा के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा है, महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री श्री बाबा सिद्दीकी का दुखद निधन शब्दों से परे सदमा पहुंचाने वाला है। इस दुख की घड़ी में मैं उनके परिवार, मित्रों और समर्थकों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। न्याय सुनिश्चित किया जाना चाहिए और वर्तमान महाराष्ट्र सरकार को गहन और पारदर्शी जांच का आदेश देना चाहिए। दोषियों को जल्द से जल्द सजा मिलनी चाहिए। जवाबदेही सर्वोपरि है। हत्या के तुरंत बाद महाराष्ट्र सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा था कि जो भी इस हत्या के पीछे है उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। सीएम शिंदे ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए बताया था कि दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अफ्रीकी देश अल्जीरिया, मॉरिटानिया और मलावी की ऐतिहासिक यात्रा पर हुईं रवाना

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रविवार को अल्जीरिया, मॉरिटानिया और मलावी की अपनी आधिकारिक यात्रा पर रवाना हुईं। यह किसी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की एक साथ तीन अफ्रीकी देशों की पहली यात्रा है।



राष्ट्रपति मुर्मू अल्जीरिया के राष्ट्रपति अब्देलमजीद तेब्बौने के निमंत्रण पर 13 अक्टूबर को अल्जीरिया पहुंचेंगी। वह इस अफ्रीकी देश में 15 अक्टूबर तक रहेंगी। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने दी।

इस यात्रा से भारत और अल्जीरिया के बीच सौहार्दपूर्ण संबंधों को और मजबूती मिलेगी। दोनों देश तेल, गैस, रक्षा एवं अंतरिक्ष सहयोग जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में और नजदीक आएंगे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की इस यात्रा में दोनों राष्ट्रपतियों के बीच द्विपक्षीय वार्ता होगी।

काउंसिल ऑफ नेशन (अल्जीरियाई संसद के ऊपरी सदन) और नेशनल पीपुल्स असेंबली (निचले सदन) के अध्यक्षों सहित कई अल्जीरियाई गणमान्य व्यक्ति भी इस बैठक में शामिल होंगे।

इसके अलावा राष्ट्रपति मुर्मू भारत-अल्जीरिया के बीच आर्थिक मंच और सिदी अब्देल्ला विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पोल विश्वविद्यालय को संबोधित करेंगी। वह जार्डिन डी'एस्साई के हम्मा गार्डन में इंडिया कॉर्नर का भी उद्घाटन करेंगी।

इसके बाद इस उत्तरी अफ्रीकी देश से भारतीय राष्ट्रपति 16 अक्टूबर को पड़ोसी देश मॉरिटानिया जाएंगी।

## रायपुर में मानक महोत्सव-2024 का होगा आयोजन

**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), रायपुर द्वारा विश्व मानक दिवस के अवसर पर 'बेहतर विश्व के लिए साझा दृष्टिकोण' थीम के साथ 14 अक्टूबर, 2024 (सोमवार) को अपराह्न 03.30 बजे से होटल कोर्टयार्ड बाय मेरियट, लाभाण्डी, रायपुर में मानक महोत्सव-2024 का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव का शुभारम्भ, रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद, श्री बृजमोहन अग्रवाल करेंगे।

मानक महोत्सव-2024 के आयोजन का उद्देश्य एसडीजी-9 लचीली आधारभूत संरचना का निर्माण, समावेशी और सतत् औद्योगीकरण को बढ़ावा देना और नवाचार को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में हितधारकों से जुड़ने के लिए बीआईएस की आउटरीच गतिविधियों के साथ ही साथ बेहतर विश्व के लिए सतत विकास लक्ष्य 9, उद्योग, नवाचार और बुनियादी ढांचा पर दृष्टिकोण साझा किए जाएंगे। इसके अलावा कार्यक्रम के दौरान मानक क्लबों के छात्र सदस्यों- जिनमें स्व. श्री राम मिंटू शर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, डुमरतराई, पंडित राम सहाय शासकीय अंग्रेजी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, महोबा बाजार, रायपुर, केन्द्रीय विद्यालय, सीआईएसफ, उतई, शासकीय सह-शिक्षा पॉलीटेक्निक, रायपुर, सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी, रायपुर, जे.आर दानी शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रायपुर, केन्द्रीय विद्यालय, डब्ल्यू आर एस कालोनी, रायपुर और केन्द्रीय विद्यालय, दीनदयाल उपाध्याय नगर, रायपुर के छात्रगण शामिल हैं, द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

## कार्यों को तेज गति से तत्काल पूरा करने सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने दिए निर्देश

**सांसद बृजमोहन ने नगर निगम अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने रायपुर में विकास कार्यों को गति देने के लिए रविवार को नगर निगम अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में श्री बृजमोहन अग्रवाल ने राजधानी के विकास कार्यों को लेकर दिशा निर्देश दिए। श्री अग्रवाल ने लाखे नगर से अश्वनी नगर की सड़क के तत्काल निर्माण के आदेश दिए और प्रियदर्शनी नगर में सामुदायिक भवन निर्माण के आदेश दिए साथ यहां विधायक निधि से 19 कार्य स्वीकृत हुए थे लेकिन 7 आज तक अधूरे है जिस पर सांसद ने नाराजगी जताते हुए उन्हें तत्काल पूरा करने और 3 कार्यों को दोबारा सैंक्शन करने के आदेश दिए।

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने निगम अधिकारियों को कार्य में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति की रिपोर्ट मांगी और जिन कार्यों की निविदा हो गई है उनका एक हफ्ते में वर्क ऑर्डर जारी करने का आदेश दिया।

श्री अग्रवाल ने बताया कि, रायपुर दक्षिण के 22 वार्डों में अनेकों महत्वपूर्ण प्रस्ताव काफी समय से पेंडिंग हैं जिस कारण स्थानीय लोगों को हो रही परेशानी को देखते हुए यह बैठक ली है जिसमे कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए साथ ही मुख्यमंत्री शहरी विद्युतीकरण योजना और स्ष्ठ के अंतर्गत आने वाले कार्यों की भी योजना बनाने के निर्देश दिए है।

## जीएसटी से शासन को 1073.97 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में हुए बेहतर कारोबार का असर राज्य के जीएसटी राजस्व (त्रस्ज्ञ) पर साफ दिख रहा है. वित्तीय वर्ष 2024-25 के सितंबर माह में राज्य को 1073.97 करोड़ रुपये का जीएसटी राजस्व (GST Revenue) प्राप्त हुआ है, जो पिछले साल के मुकाबले 11 प्रतिशत अधिक है। वित्तीय साल 2024-25 में स्टेट को मिलने वाले जीएसटी में लगातार वृद्धि हो रही है. सितंबर 24 में राज्य को छत्तीसगढ़ एसजीएसटी से 614.35 करोड़ रुपये तथा एपोर्शनमेंट ऑफ आईजीएसटी से 459.62 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति हुई है. इस तरह प्रदेश को सितंबर में जीएसटी एक्ट के तहत 1073.97 करोड़ रुपए का राजस्व मिला।



## संक्षिप्त समाचार

### उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन 14 एवं 15 अक्टूबर को कोरबा एवं कोण्डागांव के दौरे पर



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन 14 एवं 15 अक्टूबर को कोरबा एवं कोण्डागांव जिले के दौरे पर रहेंगे। मंत्री श्री देंवागन 14 अक्टूबर सोमवार को कोरबा जिले के सुराकछार पंखादफाई दुर्गा पंडाल में मां दुर्गा के पूजा-अर्चना एवं भंडारा कार्यक्रम में शामिल होंगे। सायं 5 बजे चारपारा कोहड़िया कोरबा से प्रस्थान कर 5.30 बजे सुराकछार पंखादफाई पहुंचेंगे और वहां दुर्गा पंडाल में मां दुर्गा के पूजा-अर्चना तथा भंडारा कार्यक्रम में शामिल होंगे। सायं 6 बजे सुराकछार पंखादफाई कोरबा से प्रस्थान कर रात्रि 9 बजे रायपुर पहुंचेंगे। मंत्री श्री देवांगन 15 अक्टूबर को सुबह 10 बजे शंकर नगर रायपुर से कोण्डागांव के लिए प्रस्थान कर दोपहर 1 बजे सर्किट हाउस कोण्डागांव पहुंचेंगे। इसके पश्चात दोपहर 1.40 बजे आवास मेला ऑडिटोरियम कोण्डागांव में आयोजित विभिन्न कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम पश्चात दोपहर 3 बजे कोण्डागांव से प्रस्थान कर सायं 6 बजे रायपुर लौट आएंगे।

### छत्तीसगढ़ में अब तक 1174.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 1174.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 13 अक्टूबर सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 2444.3 मिमी और बेमेतरा जिले में सबसे कम 609.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा जिले में 640.9 मिमी, सूरजपुर में 1167.8 मिमी, बलरामपुर में 1746.9 मिमी, जशपुर में 1076.0 मिमी, कोरिया में 1132.4 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 1089.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। इसी प्रकार, रायपुर जिले में 961.1 मिमी, बलौदाबाजार में 1189.5 मिमी, गरियाबंद में 1122.0 मिमी, महासमुंद में 974.9 मिमी, धमतरी में 1043.5 मिमी, बिलासपुर में 998.1 मिमी, मुंगेली में 1117.1 मिमी, रायगढ़ में 1117.0 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 734.4 मिमी, जांजगीर-चांपा में 1223.6 मिमी, सक्ती 1063.2 मिमी, कोरबा में 1423.8 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 1208.7 मिमी, दुर्ग में 658.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 929.8 मिमी, राजनांदगांव में 1130.1 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 1243.2 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 860.4 मिमी, बालोद में 1200.4 मिमी, बस्तर में 1280.9 मिमी, कोण्डागांव में 1212.4 मिमी, कांकेर में 1430.4 मिमी, नारायणपुर में 1466.0 मिमी, दंतेवाड़ा में 1569.7 मिमी और सुकमा जिले में 1706.7 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

### बुजुर्ग की हत्या से क्षेत्र में सनसनी फैली

**बलौदाबाजार ( आरएनएस )।** सिमगा थाना क्षेत्र के ग्राम लांजा में बीती रात एक बुजुर्ग की घर में सोते वक्त हत्या कर दी गई। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई हैं। साथ ही अब मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कार्रवाई कर जांच में जुट गई हैं। मिली जानकारी के अनुसार, जब शत्रुहन जोशी (उम्र 65 वर्ष) अपने घर में सो रहा था, तब अज्ञात हमलावर घर में घुसे और हमला कर लहूलुहान कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक माने तो आरोपी और मृतक के घरवालों के बीच पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद हुआ था, जिसकी सूचना सिमगा थाना में भी दी गई थी. लेकिन पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया और मामले को टाल दिया. इस बीच बुजर्ग की हत्या हो गई, जिससे पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया हैं। घटना की सूचना मिलते ही सिमगा थाना प्रभारी सहित अधिकारी और फेरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है. मामले में पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया है, जिससे पूछताछ जारी हैं।

### फर्जी ड्रग इंस्पेक्टर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दुर्ग ( आरएनएस )।** दवा दुकानों में छापेमारी कर नकली दवा के नाम पर दवाओं की सैंपलिंग लेकर दुकान संचालकों को धमकाने और उगाही करने वाले पांच फर्जी ड्रग इंस्पेक्टर पकड़े गए हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. धमधा थाना प्रभारी पीडी चंद्रा ने बताया कि ग्राम धुमा धमधा निवासी रघुनंदन प्रसाद वर्मा (68 वर्ष) ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह खेती-किसानी का काम करता है। उसके बेटे दिलेंद्र कुमार वर्मा ने तीन साल पहले लाइसेंस लेकर घर में मेडिकल दुकान खोली थी. गुरुवार दोपहर वह ग्राम सिलपट्टी में दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने गया था. उस दौरान दुकान में बैठे लड़के ने बताया कि एक शख्स ने कॉल कर खुद को ड्रग इंस्पेक्टर बताया।

## वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने रायगढ़ में 12.90 करोड़ के निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

### रायगढ़ को विकास कार्यों की मिल रही लगातार सौगात, 9.37 करोड़ से सड़क निर्माण, 3.44 करोड़ की लागत से लोईंग में बनेगा आईटीआई भवन

#### कोयलंगा नाला पुल का 2.89 करोड़ की लागत से निर्माण शुरू, पुल बनने से ओडिसा आवागमन की दूरी होगी कम

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी की पहल से रायगढ़ जिले में विकास कार्यों की लगातार सौगात मिल रही है। इसी क्रम में वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने आज लोईंग महापल्ली क्षेत्र में 12 करोड़ 90 लाख की लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमारा सिर्फ एक ही ध्येय है कि रायगढ़ का अधिक से अधिक विकास हो। यहां अधोसंरचना विकास और जन सुविधा से जुड़े निर्माण कार्यों को लगातार स्वीकृति दी जा रही है। इस दौरान सड़क निर्माण कार्यों के साथ लोईंग में बनने वाले आईटीआई भवन निर्माण के साथ ही बटमुल आश्रम महाविद्यालय में अतिरिक्त निर्माण कक्ष का भी भूमिपूजन किया गया है।

वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार लगातार विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का काम कर रही हैं। निर्माण कार्यों को मंजूरी देने के बाद अब बारिश खत्म होते ही सभी कार्यों के टेंडर प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य शुरू करवाया जा रहा है। जिससे इन सुविधाओं का लाभ क्षेत्रवासियों को मिल सके। उन्होंने अधिकारियों और ठेकेदारों से कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समय-सीमा इन दो बातों का विशेष रूप से ध्यान रखें। काम की क्वालिटी से कहीं भी समझौता नहीं चलेगा, निर्धारित समय-सीमा में काम पूरा कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि महापल्ली में 29 लाख की लागत से महतारी सदन का निर्माण होगा। जिसका संचालन महिलाओं द्वारा ही किया जायेगा।



इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, श्री विजय अग्रवाल, श्री सुकलाल चौहान, श्री सूरत पटेल, श्री अनंत राम चौहान, श्री एन. आर. प्रधान, ईई पीडब्ल्यूडी श्री अमित कश्यप, एसडीओ श्री एम.एस.नायक सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने कहा कि आईटीआई भवन निर्माण से यहां पढ़ने वाले छात्रों को बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर का लाभ मिलेगा। साथ ही यहां नए ट्रेड भी शुरू किए जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि आईटीआई से छात्र स्किल सीखते हैं जो यहां उद्योगों में रोजगार पाने के साथ ही खुद का व्यवसाय शुरू करने में उन्हें मदद करेगा। इस मौके पर उन्होंने मौजूद छात्रों को मन लगाकर पढने और हुनरमंद बन अपने जीवन को सही दिशा में आगे बढ़ाने की बात कही।

वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने 12 करोड़ 90 लाख रुपए के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। जिसमें 5 करोड़ 46 लाख रूपए से रायगढ़-लोईंग महापल्ली जामगांव मार्ग का निर्माण कार्य लम्बाई-8.60 कि.मी, 2 करोड़ 8 लाख की लागत से कोतरलिया बस्ती पहुंचमार्ग का निर्माण लंबाई 1.55 कि.मी., 1 करोड़ 83 लाख की लागत से बस्ती जामगांव-छुहीपाली-जूनाडीह मार्ग का निर्माण कार्य, लंबाई 2.40 कि.मी., 3 करोड़ 44 लाख की लागत से लोईंग महापल्ली में नवीन आई.टी.आई. भवन का निर्माण कार्य तथा बटमूल आश्रम कॉलेज में विधायक मद अंतर्गत स्वीकृत 7 लाख 67 हजार की लागत से अतिरिक्त कक्षों के निर्माण कार्य शामिल हैं।

**ओडिसा से जोड़ने वाले कोयलंगा नाला पुल का निर्माण प्राथमिकता से करें पूरा :** अंचल के लोगों के आवागमन की सुविधा को देखते हुए वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने 2 करोड़ 89 लाख की लागत से बनने वाले कोयलंगा पुल के निर्माण कार्य को प्रारंभ करवाते हुए काम को तेजी से पूरा करने के निर्देश ईई पीडब्ल्यूडी को दिए। उन्होंने कहा कि इससे इस क्षेत्र के लोगों की ओडिसा से कनेक्टिविटी बेहतर होगी और उन्हें कम दूरी तय करनी पड़ेगी। पुल निर्माण कार्य प्रारंभ होने पर स्थानीय निवासियों ने हर्ष जताते हुए वर्षों से लंबित मांग को पूरा करने पर वित्त मंत्री श्री चौधरी को धन्यवाद दिया।

## उद्यान विभाग की योजना का लाभ उठाकर राज्य के किसान हो रहे आर्थिक सशक्त

### किसान लक्ष्मण गेंदा फूल की खेती से कमा रहे अच्छा लाभ



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए कृषि के साथ अन्य फसलों को लेने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। उद्यानिकी विभाग के द्वारा राज्य के किसानों को फूलों की खेती के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि उन्हें स्व-रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सके और किसानों की आय में निरंतर वृद्धि हो सके। इसी क्रम में जशपुर जिला प्रशासन के अंतर्गत उद्यान विभाग के द्वारा किसानों को आधुनिक तकनीक से पौधा रोपण करने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। किसानों की सहमति से उनकी निजी भूमि में फूल का पौधा रोपण कार्य कराया जा रहा है।

इसी कड़ी में कांसाबेल विकासखण्ड के ग्राम हथगड़ा निवासी श्री लक्ष्मण कुमार बंजारा ने गेंदा पौधे का रोपण किया। श्री बंजारा ने बताया कि उद्यानिकी विभाग के द्वारा उन्हें पुष्प उत्पादन के महत्व एवं लाभ के विषय के बारे में तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध कराया गया एवं स्वयं के साधन से अपने बाड़ी में गेंदा पौध रोपण किया। उन्होंने बताया कि गेंदा की उन्नत खेती करने से गेंदा फूल का अच्छा पैदावार होने लगा है। स्थानीय बाजार के साथ आस-पास के क्षेत्र में गेंदा पुष्प का अच्छा मांग होने से सीजन में उन्हें 52 हजार रुपए का आमदनी प्राप्त हो चुका है। वे बताते है कि खेती करके संतुष्ट है और भविष्य में उन्नत पुष्प उत्पादन करके अपने आय में बढ़ोतरी करते रहेंगे।

## साधु का दर्शन पुण्य के उदय से प्राप्त होता है : मुनिश्री तीर्थप्रेम विजयजी



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** श्री संभवनाथ जैन मंदिर विवेकानंद नगर में आत्मोल्लास चातुर्मास 2024 की प्रवचनमाला जारी है। रविवार को महामंगलकारी शाश्वत नव पद ओली की आराधना का पांचवा दिन रहा। पांचवे दिन साधु पद की आराधना की गई। ओजस्वी प्रवचनकार मुनिश्री तीर्थप्रेम विजयजी म.सा.ने कहा कि साधु का दर्शन भी पुण्य के उदय से प्राप्त होता है। यदि साधु का दर्शन हो गया और साधु के द्वारा नवकार मंत्र कान में पड़ गया तो जीवन सुधर जाएगा और आने वाला भव भी सुधर जाएगा।

मुनिश्री ने कहा कि नव पद जी भगवंत को एक श्रेणी में रख दिया जाए तो आज का दिन जो है वह नवपद जी के केंद्र में विराजमान साधु पद है,आज साधु पद की आराधना का दिन है। अरिहंत,सिद्ध,आचार्य, उपाध्याय और फिर साधु पद आता है लेकिन साधु पद ही है जो आगे जाकर उपाध्याय पद प्राप्त करता है। इसी तरह क्रमश: आगे बढ़ सकता है। उपाध्याय पद की जड़ ही साधु है। ऐसे ही सभी पद प्राप्त करने के लिए सबसे पहले साधु बनना पड़ता है।

मुनिश्री ने कहा कि सिद्ध भगवंत भी बनना है तो साधु बनकर साधना करनी पड़ेगी। भगवान महावीर स्वामी,भगवान ऋषभदेव भी सबसे पहले साधु ही बने। साधु बनकर ही कोई भी ऊपर तक पहुंच सकता है। सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान, सम्यक चारित्र, सम्यक तप साधु में रहता है। साधु अपना विकास कर ऊपर तक पहुंचता है। मुनिश्री ने कहा कि साधु के पास वस्त्र का वैभव है। साधु के वस्त्र का वैभव अद्भुत है। साधु के वस्त्र के दर्शन मात्र हो जाएं तो उसका भी अलग प्रभाव है। वैसे ही साधु का दर्शन भी पुण्य के उदय से प्राप्त होता है। साधु तीर्थ स्वरूप होता है। तीर्थ पर समय पर जाकर ही दर्शन करने पड़ते हैं, उसके लिए एक समय होता है और तीर्थ में जाकर ही दर्शन फलता है लेकिन साधु का दर्शन तो तुरंत ही फलता है। यदि साधु का दर्शन हो गया तो सामने वाले के पुण्य का उदय हो जाता है।

## बस्तर की सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण रखकर भावी पीढ़ी को सौपना है : मंत्री केदार कश्यप

### बस्तर मड़ई और क्षेत्रीय सरस मेले का शुभारंभ

### क्षेत्रीय सरस मेले का आयोजन जगदलपुर में 12 से 19 अक्टूबर तक आयोजन किया जा रहा है

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने बस्तर मड़ई और क्षेत्रीय सरस मेले का शुभारंभ किया। उन्होंने शुभारंभ समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि बस्तर मड़ई का उद्देश्य यहां की सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण रखकर भावी पीढ़ी को सौपना है। इसी प्रकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए लगाए गए सरस मेला स्थानीय उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने और महिलाओं और ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने का माध्यम है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा बस्तर मड़ई और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा क्षेत्रीय सरस मेले का आयोजन जगदलपुर के लालबाग मैदान में 12 से 19 अक्टूबर तक आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में शासकीय योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी और स्व-सहायता समूहों द्वारा उत्पादित वस्तुओं की प्रदर्शनी और बिक्री होगी। मेले में कई जिलों के स्व सहायता समूहों ने हस्तशिल्प, कृषि उत्पाद, जैविक खाद्य पदार्थ, कपड़े, और अन्य स्थानीय वस्तुएं प्रदर्शित की गई हैं। शुभारंभ अवसर पर नागलसर के स्कूली बच्चों ने धुरवा मड़ई का आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया।




शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप ने कहा कि बस्तर मड़ई में लगाई गई प्रदर्शनी के माध्यम से दी जा रही है। योजनाओं की जानकारी का लाभ उठाएं और सरस मेला में विभिन्न जिलों से पहुँचे स्व-सहायता की दीदियों द्वारा निर्मित उत्पाद की खरीदी कर उन्हें प्रोत्साहित करें। विधायक श्री किरणदेव ने कहा कि बस्तर का परंपरा दशहरा के अवसर पर शासन की जन कल्याण योजनाओं का विभागों द्वारा लगाया गया है इसका लाभ सभी नागरिक लें। साथ कार्यक्रम में खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है इसका आनंद भी लें।

वन मंत्री श्री केदार कश्यप, विधायक श्री देव, विधायक चित्रकूट श्री विनायक गोयल, महापौर सफीरा साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि ने मेले में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टालों और स्व-सहायता समूहों के स्टालों का निरीक्षण किया और विभागीय स्टालों में योजनाओं के हितग्राहियों को सामग्री का वितरण किया। उन्होंने स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की सराहना की और उनके माध्यम से स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की।

## विजयदशमी पर मंत्री लखन लाल देवांगन लाल मैदान, आरपी नगर, मुड़ापार समेत अन्य स्थानों पर आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल

### सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 25 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन कोरबा में असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय के महापर्व विजयादशमी दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। लाल मैदान से लेकर आरपी नगर फेस वन, पुरानी बस्ती मुड़ापार समेत सभी प्रमुख स्थानों में आयोजित विजयादशमी के पर्व पर वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए। इससे पहले मंत्री श्री देवांगन ने भगवान श्री राम सेना की पूजा अर्चना की। उन्होंने दर्री के राजेन्द्र नगर फेस-1 में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 25 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की।

मंत्री श्री देवांगन दर्री मुख्य मार्ग स्थित मंगल भवन में आयोजित भव्य दशहरा उत्सव में सम्मिलित हुए, मंत्री श्री देवांगन ने विधिवत पूजन की। समिति के प्रमुख जनों की मांग पर मंत्री श्री देवांगन ने मंगल भवन के विस्तार सहित अन्य विकास कार्यों के लिए स्वीकृति की घोषणा की। दर्री से मंत्री श्री देवांगन राजेंद्र प्रसाद नगर फेस 01 के विशाल दशहरा प्रांगण में हजारों के भीड़ के बीच पहुंचकर जय जय श्री राम का उद्घोष कर कहा कि अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक, विजयादशमी का यह पर्व सभी को अपने अंदर की बुराइयों को समाप्त कर



धर्म और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। प्रभु श्री राम आप सभी का कल्याण करें। श्रम मंत्री पुरानी बस्ती कोरबा स्थित रानी रोड और मुड़ापार बाजार में आयोजित विशाल दशहरा उत्सव में सम्मिलित हुए। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि मुड़ापार का दशहरा उत्सव विगत 50 वर्षों से मनाया जा रहा है। मंत्री श्री देवांगन ने मुड़ापार में पंडाल निर्माण की सहर्ष घोषणा की और सभी को दशहरा की बधाई और शुभकामनाएं दी तथा रिमोट का बटन दबाकर रावण के पुतला का दहन किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## कच्चे मकानों की रह जाएंगी बस यादें, गरीबों के घरों की मजबूत होने लगी हैं बुनियादें

### खाते में किश्त आने से मजबूत नींव के साथ बनने लगा है सपनो का आशियाना, जिले के अंतिम छोर के गांवों में भी नजर आएगा पक्का पीएम आवास

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** अंतिम छोर के गाँव की अपनी पहचान होती है। शहर से दूर होने के साथ यहाँ की अपनी जीवनशैली होती है। दूर-दूर घर होते हैं। घर पर गाय बकरियां होती है। हरे-भरे पेड़ पौधे होते हैं। छोटी-छोटी बाड़ियाँ होती है, जहाँ पसंद की साग सब्जियां उगाई गई और आसपास मुर्गे-मुर्गियां छोटे चूजे घूमते-फिरते होते हैं। सुबह से शाम तक चहल-पहल होती है। अपनी परम्पराएं, अपनी संस्कृति और मजबूत रिश्ते मगर कच्चे घर होते हैं...इन्हीं पहचान के बीच किसी के टूटे हुए तो किसी के जैसे-तैसे बने मिट्टी और खपरैल वाले घर भी होते हैं। गाँव में किसी के पक्के मकान का होना उनके रसूखदार होने की पहचान हुआ करती थी...क्योंकि गरीबी की वजह से पक्के मकान का सपना अनगिनत ग्रामीणों के लिए महज सपना ही था, खेती-किसानी या फिर पीढ़ी दर पीढ़ी कच्चे मकानों में ही जिंदगी गुजार देने वाले ग्रामीणों ने कभी सोचा भी नहीं था कि एक दिन उनका भी पक्का मकान बनेगा और अपने जीते-जी वे किसी रसूखदारों के बीच पक्के मकान में रह पाएंगे। कुछ ऐसा ही सपना कोरबा जिले के अन्तिम छोर के गाँव पतुरियाडाँड़ में रहने वाले गरीब परिवारों को खुशी और गर्व है कि किसी मजबूत रिश्तों



की तरह उनके घरों की बुनियादें भी मजबूत हो रही है और कई मुश्किलों से गुजरी कच्चे मकानों में बस यादें ही रह जाएंगी।

कोरबा जिले के पोड़ी उपरोड़ा के अंतिम छोर के गाँव पतुरियाडाँड़ में रहने वाले गुलाब सिंह अपने तीन बेटों के साथ घर पर रहते हैं। लगभग 60 बसंत देख चुके गुलाब सिंह बताते हैं कि किसी तरह गाँव में खेती किसानी और मजदूरी से घर का खर्च चल जाता था। अब बेटे भी यहीं करते हैं। उनकी कई पीढ़ी गुजर गई पर पक्का मकान बन पाएगा, ऐसा कभी सोचा भी नहीं था। उन्होंने बताया कि उनके कच्चे मकान में जिंदगी कट गई। कच्चे मकान में बारिश के समय बहुत ही ज्यादा समस्याओं का सामना करना पड़ा। कभी खपरैल के बीच से टपकते बारिश के पानी में रातों की नींदे खराब हुई तो कई बार नीचे फर्श कीचड़मय हुआ। गुलाब सिंह से बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना में नाम आने के बाद उन्हें इस बात की चिंता थी कि वास्तव में पक्का मकान बनाने के लिए पैसे मिलेंगे या नहीं। कई बार तो लगता था कि खाते में पैसा नहीं आएगा और पक्के मकान का सपना कभी पूरा नहीं हो पायेगा। गुलाब सिंह ने बताया कि जब खाते में राशि आई तो मकान का सपना हकीकत में बदल गया है। खाते से राशि निकालकर अपनी मकान को मूर्त रूप दे रहा है। गुलाब सिंह ने बताया कि उन्हें खुशी है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के खाते में पैसा डाला है और यह राशि उनके जैसे गरीब परिवारों के सपनों को सच कर रहा है। इसी गाँव की निवासी पिंकी पैकरा को भी अपने पक्के मकान का पूरा होने का इंतजार है। वह कहती है कि कच्चे मकान में रहने से बहुत परेशानी उठानी पड़ती है। पक्का मकान बारिश के दिनों में उन्हें किसी परेशानी में नहीं डालेगा और वह सुकून से रह पाएगी। ग्रामीण पंचराम और उनकी पत्नी रूपकुंवर के खाते खाते में भी आवास बनाने के लिए राशि आयी तो इन्होंने मकान पूरा करा लिया है। पंचराम ने बताया कि उनके घर का प्लास्टर का काम ही शेष है, जल्द ही यह काम पूरा हो जाएगा और वे पक्के मकान में रहने लगेंगे। गांव के लबदराम भी पीएम आवास के हितग्राही है। इन्होंने खाते में राशि आते ही काम शुरू कर दिया है। अभी तक 65 हजार प्राप्त कर चुके लबदराम ने बताया कि जल्दी ही उनका घर पूरा हो जाएगा और वे अपने परिवार के साथ कच्चे मकान को अलविदा कह देंगे। इन सभी हितग्राहियों ने पीएम आवास के लिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया और अपने सपने के आशियाने को लेकर गौरवान्वित महसूस करते हुए खुशी व्यक्त की।

# कोयलांचल में शारदीय दुर्गा पूजा एवम रावण दहन का कार्यक्रम धूम धाम से हुआ संपन्न

### अपने मन में छुपे रावण को करे दहन महाप्रबंधक अजय तिवारी

**गोपाल सिंह विद्रोही**





**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया शारदीय नवरात्र एवं रावण दहन कार्यक्रम। गौरी शंकर मंदिर बिश्रामपुर कुंडा कॉलोनी रेहर गायत्री क्षेत्र सहक्षेत्र,जारही, समलेश्वरी महामाया मंदिर परिसर रामनगर भटगांव कोई आंचल की विभिन्न क्षेत्र में दुर्गा पूजा की धूम रही। कल दशहरा पर पर इन स्थानों पर विशाल रावण का पुतले बनाएंगे और दहन किए गए। गौरी शंकर मंदिर रावण दहन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्रामपुर क्षेत्रीय महाप्रबंधक अजय तिवारी सपत्नी श्रीमती ममता तिवारी के साथ रावण दहन कार्यक्रम में पहुंचे। महाप्रबंधक अजय तिवारी ने दशहरा पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहां की प्रत्येक व्यक्ति के अंदर छुपे हुए रावण को दान करने की आवश्यकता है आज से सभी संकल्प लें की मां के रावण को मारे महाप्रबंधक ने कुंडा कॉलोनी स्थित रावण दहन कार्यक्रम में हिस्सा लिया और रावण के पुतले को दहन किया। दसवीं के दिन रावण दहन कार्यक्रम में हजारों दर्शकों की मौजूदगी में दुर्गा पूजा समिति ने जमकर आतिशबाजी की। इस दौरान महाप्रबंधक के साथ पूर्व सीएमओ दो विवेकानंद , क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण सिंह सहित गंगा ग्राम उत्थान समिति के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष गोयल, श्रमिक नेता सुजीत सिंह, डीएस सोढी, परमजीत सिंह पम्मे, लखन कुरे, अजीत यादव,बलभद्र सेन, महेश गुप्ता ,राजेश सिंह, विकास सिंह, शंकर यादव सहित सभी श्रम संगठन के प्रमुख उपस्थित थे।

यहां बता दे की गौरी शंकर मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित राम कृष्णा पांडे, पंडित बी एन पांडे की मार्गदर्शन में प्रतिदिन माता रानी का पूजा अर्चना का कार्यक्रम निरन्तर जारी रहा। समिती के सचिव डी एस सोढी, परमजीत सिंह पम्मे ,अरविंद सिंह, राजू मिश्रा, मनोज अंगाली ,मुकेश कुमार, सूरज बली यादव, लखन कुर्रे आदि व्यवस्था मे लगे रहे।

गौरी शंकर मंदिर स्थित श्री श्री शारदीय दुर्गा पूजा समिति कई वर्षों से दुर्गा पूजा का आयोजन करती आ रही है ।

## संक्षिप्त समाचार

### रेडक्रास सोसायटी के नए सदस्य बनाये गए

**कोरबा(विश्व परिवार)।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी कोरबा के संरक्षक सदस्य रामसिंह अग्रवाल ने आज सोसायटी के सचिव और जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वस्थ अधिकारी डॉ केसरी को नए संरक्षक सदस्यों, उप संरक्षक सदस्यों और आजीवन सदस्यों की सूची तथा सदस्यता की राशि सौंपी। सोसाइटी की पिछली आमसभा में लिए गए निर्णय के अनुसार संरक्षक सदस्य रामसिंह अग्रवाल ने संस्था के नए सदस्य बनाने के लिए जन सम्पर्क किया और उनकी प्रेरणा से सर्वश्री राजेश कुमार बगड़िया, अखिलेश अग्रवाल, संरक्षक सदस्य, राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, योगेश जैन, रामकुमार सोनी, रोहित शाह, उप संरक्षक सदस्य और 23 अन्य नागरिकों ने आजीवन सदस्य के रूप में सोसायटी की सदस्यता ग्रहण की है। आपको बता दें कि प्रदेश के प्रमुख समाजसेवी रामसिंह अग्रवाल प्रारम्भ से ही रेडक्रास सोसायटी के संरक्षक सदस्य हैं। इसके अलावे लायन्स इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 323 सी के गवर्नर, जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स एन्ड इंडस्ट्रीज के करीब 15 वर्ष तक अध्यक्ष और अग्रवाल सभा कोरबा में अध्यक्ष के रूप में तीन कार्यकाल के दौरान उन्होंने कोरबा के विकास में अविस्मरणीय योगदान दिया है। रेडक्रास सोसायटी के मेडिकल स्टोर की कोरबा में स्थापना कराने का श्रेय भी उन्हीं को मिलता है।

### प्रोफेसर के साथ सड़क दुर्घटना ग्रामीणों ने किया चक्का जाम

**कोरबा(विश्व परिवार)।** बालको-उरगा बायपास मार्ग पर ग्राम नकटीखार मार्ग में कल सुबह एक बाइक सवार राखड़ भरे हाईवा के नीचे आ गया। उसके प्राण तो बच गए लेकिन इस घटना ने राहगीरों और ग्रामीणों को आक्रोषित कर दिया। गुस्साए लोगों ने सड़क पर एकत्र होकर रास्ता जाम कर दिया। सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लगी रही। पुलिस ने बड़ी मुश्किल से समझा कर चक्का जाम समाप्त कराया, इस दौरान कुछ उत्साही युवकों के साथ पुलिस की झूमा झटकी भी हुई। ग्राम नकटीखार मुख्य मार्ग पर एक कॉलेज के प्रोफेसर वेद प्रकाश सोनी के साथ घटित घटना से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ गया। राखड़ के कारण प्रदूषण और दुर्घटना से जूझ रहे ग्रामीणों का आरोप है कि इनके कारण कई लोगों की जान जा चुकी है। यहां मार्ग में ब्रेकर बनाया जाए और भारी वाहनों पर प्रतिबंध लगाया जाए।

### खदान में लोहा चोरी करने वालों को पुलिस ने पकड़ा

**कोरबा(विश्व परिवार)।** थाना प्रभारी दीपका प्रेमचंद साहू के नेतृत्व में दीपका पुलिस टीम को गेवरा खदान से स्क्रैप चोरी करने वाले गिरोह को पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई है। दिनांक 09.10.2024 को मुखबीर सूचना के आधार पर गेवरा खदान के गैस गोदाम के पास से एसईसीएल का स्क्रैप समान चोरी कर ले जाते हुए आरोपी अभिषेक भट्ट और प्रकाश देवार को पकड़ा गया एवं उनके कब्जे से चोरी किए गए स्क्रैप 500 कि.ग्रा. एवं चोरी में प्रयुक्त वाहन छोटा हाथी क्रमांक सीजी-13-एजे3087 को जप्त कर अपराध धारा 303(2), 3(5) बीएनएस के तहत दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

### नहर में कूदी किशोरी चार दिन बाद मिली मृत स्थिति में

**कोरबा(विश्व परिवार)।** काफी समय से परेशान चल रही एक किशोरी ने समस्या से छुटकारा पाने के लिए बायीं तट नहर में छलांग लगा दी थी। 4 दिन बाद वह मृत स्थिति में मिली हैं। पुलिस ने मर्ग कायम किया है। परिजनों से पूछताछ के बाद इस मामले में अगली कार्रवाई की जाएगी। मृतका की पहचान 15 वर्षीय एकता मरावी के रूप में की गई है जो कोरबा के मानिकपुर चैकी अंतर्गत वाल्मिकी अंबेडकर नगर की रहने वाली थी। बुधवार को शाम वह पावर हाउस रोड से स्टेशन जाने वाले मार्ग पर हसदेव लेफ्ट बैंक कैनाल मैं कूद गई थी। यह सब एकाएक हुआ था। घटनाक्रम के दौरान किशोरी को ऐसा करते पॉइंट ड्यूटी पर मौजूद एक ट्रैफिक्र कांस्टेबल ने देख लिया था। जिस पर उसने किशोरी को बचाने के लिए फौरन नहर में छलांग लगा दी। लेकिन नहर के तेज बहाव में किशोरी को उस समय नहीं खोजा जा सका। जानकारी सार्वजनिक होने पर आसपास के गोताखोरों को भी सक्रिय किया गया था कि किशोरी को बचाया जा सके लेकिन इसके कोई नतीजे नहीं आ सके। लेकिन जांच का काम लगातार चल रहा था। चार दिन बीतने पर एकता के बारे में जानकारी मिली लेकिन यह नकारात्मक रही। पता चला कि रायगढ़ जिले की खरसिया क्षेत्र अंतर्गत बरगढ़ में कैनाल की ब्रांच में झाडियों में उसका शव मिला है। आसपास के लोगों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी इसके कुछ देर बाद स्पष्ट हुआ कि यह वही किशोरी है जो कोरबा में कुदी हुई थी। इसकी जानकारी यहां दी गई जिसके बाद परिजन रवाना हुए। बताया गया कि इस मामले में मर्ग कायम किया गया है।

# त्योहारी सीजन : फूड सेफ्टी विभाग द्वारा खाद्य सामानों की सैंपलिंग व कार्रवाई

**कोरबा(विश्व परिवार)।** त्योहारी सीजन शुरू होने के साथ कई प्रकार के खतरे व्यवसाइयों के लिए पैदा हो गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा डरा हुआ कोई है तो वह है- खाने पदार्थ की बिक्री करने वाला वर्ग। वजह है कि इस सीजन में मिलावट की आशंका को लेकर फूड सेफ्टी विभाग सामानों की सैंपलिंग करने के साथ कार्रवाई भी कर रहा है। इसलिए कारोबारी समय के साथ सतर्क हो गए हैं। वह नहीं चाहते कि ऐसा कुछ हो जिससे नाम भी खराब हो और रुपया भी जाए। हाल में ही फूड सेफ्टी विभाग की पिछली सैंपलिंग के दौरान हुई लैबोरेट्री इंक्वारी में जिओमार्ट के ऑर्गेनिक बेसन के अलावा कई मिठाई दुकानों के सैंपल फेल हुए हैं। विभाग ने नियमानुसार ऐसे सभी मामलों में अगली कार्रवाई करने की बात कही है। विभाग के अधिकारी ने बताया कि जिस तरह के दावे संबंधित सामानों की गुणवत्ता को लेकर किए गए थे वह सब उनके स्टैंडर्ड में नहीं मिला। इसलिए यह सभी मामले कार्यवाही के दायरे में शामिल हुए हैं। विभाग में नवरात्रि से लेकर दीपावली और देवउठनी एकादशी तक कस्बों में खाद्य पदार्थ के सैंपल लेने और उन्हें जांच के लिए आगे भेजने को लेकर अभियान जारी रखने की बात कही है। बताया गया कि इनमें मिठाई से संबंधित खोवा, मावा, पनीर, आटा, मैदा, बेसन, तेल, डालडा, घी के अलावा नमकीन चीजों को कैटिगराईज किया गया है। दावे इस प्रकार के हैं कि अलग-अलग तत्वों की एक मात्रा इन चीजों में मिश्रित करने के साथ उनका परिमाण बढ़ा दिया जाता है। यह अमानत होते हैं लेकिन इसकी आड़ में मूल निर्माता अच्छी कमाई करता है। लेकिन गलत खाद्य पदार्थों का उपयोग करने से जन स्वास्थ्य के खतरे बढ़ते हैं और इसकी बड़ी कीमत उन लोगों को अदा करनी पड़ती है जो ऐसे सामानों का उपयोग किया करते हैं। खाद्य और औषधि प्रशासन विभाग सरकार के निर्देश पर त्योहार के सीजन में विभिन्न खाद्य पदार्थों के सैंपल लेने और उनकी जांच करने के लिए काम कर रहा है। लेकिन अब लोग इस पर भी सवाल खड़े कर रहे हैं कि दूसरे खाद्य पदार्थ जांच का हिस्सा क्यों नहीं बन सकते हैं।

# सड़क दुर्घटना में दो लोगों की दर्दनाक मौत





**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )**- आज सुबह ट्रक एवं मारुति इको की टक्कर से में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। इस संबंध में बताया जाता है कि मारुति इको सीजी 15 ई सी691 सवार परशुरामपुर श्रीनगर निवासी देवराम राम , राम बक्श सूरजपुर की ओर से आ रहे थे राष्ट्रीय राजमार्ग 43 केशव नगर के समीप विश्रामपुर की ओर से जा रही ट्रक क्रमांक सीजी 10 बीएम 9435 कि चालक मारुति सुजुकी ईईको को जबरदस्त ठोकर मार दी जिसमें मारुति चालक देवराम एवं राम बक्स की घटना स्थल पर ही मौत हो गई ट्रक चालक मौके से फरार है। घटना सुबह 5:30 के बीच बताई जा रही है ।पुलिस ने ट्रक को जप्त कर लिया है। ट्रक चालक मौके से फरार है।

## पुलिस ने साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा के तहत जगह-जगह किया कार्यक्रम आयोजित

**कोरबा(विश्व परिवार)।** पुलिस मुख्यालय से प्राप्त निर्देशों में साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा दिनाँक 05ध10ध2024 से 19ध10ध2024 तक संचालित किया जाना है। जिसके तहत जिले में बढ़ रहे साइबर अपराधों को संज्ञान में लेते हुए और पुलिस अधीक्षक राजेश कुकरेजा (भापुसे) से प्राप्त मार्गदर्शन में सभी थाना चैकी प्रभारी और साइबर सेल के द्वारा जिले में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। पुलिस के द्वारा साइबर जागरूकता कार्यक्रम में दर्री थाना अंतर्गत एनटीपीसी फुटबॉल ग्राउंड में डांडिया प्रतियोगिता में सायबर सेल कोरबा एवं दर्री नगर पुलिस अधीक्षक के द्वारा सायबर जागरूक किया गया। वहीं, देर रात हरदीबाजार स्थित दुर्गा पंडाल मैदान में शहरवासियों को जागरूक करने हेतु सायबर सेल और हरदीबाजार पुलिस के सहयोग से जागरूकता अभियान चलाया गया। कोरबा पुलिस की इस विशेष अभियान में जगह-जगह कार्यक्रम किया जा रहा है और कोरबा पुलिस के द्वारा एक ऑडियो मैसेज भी नवरात्रि पंडालो में सुनाया जा रहा है। साइबर अपराधों से बचने का सबसे सशक्त उपाय जागरूकता है। एक जागरूक नागरिक कभी भी साइबर अपराधियों के जाल में नहीं फंसेगा। कोरबा पुलिस सभी से अपील करती है कि वे पुलिस के द्वारा चलाए जा रहे साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा अभियान से जुड़ें और सजग कोरबा अभियान के व्हाट्सएप ग्रुप में जुड़े (जैसे फ्रेंड्स ग्रुप, कॉलोनी ग्रुप, सामाजिक ग्रुप ऑफिस ग्रुप और अन्य) के माध्यम से जागरूकता संदेशों को अधिक से अधिक शेयर करें, ताकि समाज के हर व्यक्ति तक साइबर सुरक्षा का संदेश पहुंच सके।

# विश्व आर्थराइटिस दिवस : चिकित्सा परामर्श एवं नि:शुल्क उपचार शिविर का आयोजन

**कोरबा(विश्व परिवार)।** 12 अक्टूबर विश्व आर्थराइटिस दिवस पर स्वस्थ भारत समृद्ध भारत अभियान के अंतर्गत चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत सभी 80 प्रकार के वात रोगों हेतु नि:शुल्क अस्थि खनिज घनत्व (बोन मिनरल डेंसिटी) जांच, रक्त शर्करा जांच एवं आयुर्वेद-योग चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर का आयोजन लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट, विश्व हिंदू परीषद एवं आयुष मेडिकल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में श्री शिव औषधालय एमआईजी 20 आर.पी.नगर फेस 2 शिवाजी नगर रोड निहारिका कोरबा छत्तीसगढ़ में 12 अक्टूबर 2024 शनिवार को प्रातरू 10 बजे से 2 बजे तक किया गया है। जिसमें अंचल के सुप्रसिद्ध अनुभवी आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ श्री शिव औषधालय के संस्थापक नाड़ीवैद्य पंडित शिव कुमार शर्मा चिकित्सक द्वय नाड़ीवैद्या डॉ.वागेश्वरी शर्मा एवं नाड़ीवैद्य डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा विशेष रूप से अपनी चिकित्सकीय सेवाएं प्रदान करेंगे। शिविर में विशेष रूप से अपनी चिकित्सकीय सेवायें प्रदान करने वाले छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध अनुभवी आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ नाड़ीवैद्य डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा ने शिविर के विषय में बताते हुये कहा की प्रत्येक वर्ष 12 अक्टूबर को वर्ल्ड आर्थराइटिस डे मनाया जाता हैं जिसका उद्देश्य लोगो को वात रोगों (आर्थराइटिस) के प्रति जागरूक करना है ताकि इस बीमारी से बचा जा सके। इसी तारतम्य में आयुष मेडिकल एसोसिएशन, लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट एवं विश्व हिंदू परिषद के संयुक्त तत्वाधान में आयुर्वेद में वर्णित समस्त 80 प्रकार के वात रोगों के लिये निशुल्क अस्थि खनिज घनत्व (बोन मिनरल डेंसिटी) जांच, रक्त शर्करा जांच एवं आयुर्वेद-योग चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। वात रोग का एक बड़ा कारण अस्थि खनिज घनत्व तथा कैल्शियम की कमी होना भी है। जिसके लिये शिविर में बीएमडी मशीन द्वारा अस्थि खनिज घनत्व (बोन मिनरल डेंसिटी) की 2200 रुपये मूल्य की जांच कोलकाता के टैक्नीशियन द्वारा निशुल्क की जायेगी।

# सीतापुर में अंतर्राज्यीय लकड़ी तस्करों का गिरोह सक्रिय



**सीतापुर(विश्व परिवार)।** सरगुजा जिले के सीतापुर में इन दिनों अंतर्राज्यीय लकड़ी तस्करों का एक संगठित गिरोह सक्रिय हो गया है, जो प्रशासनिक नियमों का फायदा उठाते हुए अवैध रूप से लकड़ी की कटाई और तस्करी कर रहा है। इन तस्करों ने ग्रामीणों से मिलीभगत कर बिना अनुमति के निजी भूमि पर पेड़ों की कटाई शुरू कर दी है और इन पेड़ों को चोरी-छिपे अन्य राज्यों में भेजकर मोटी रकम कमा रहे हैं। पूर्ववर्ती सरकार द्वारा निजी भूमि पर पेड़ों की कटाई के लिए नियमों में किए गए सरलीकरण का तस्कर गलत फायदा उठा रहे हैं। नियमों के अनुसार, भूमि मालिक को पेड़ काटने के लिए एसडीएम से अनुमति लेनी होती है, लेकिन तस्कर ग्रामीणों से सांठगांठ कर बिना अनुमति के ही पेड़ों की कटाई कर रहे हैं। कई बार एक अनुमति लेकर उसका दुरुपयोग कर कई स्थानों पर पेड़ों की अवैध कटाई की जाती है। कटाई के बाद लकड़ी को दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में तस्करी कर दिया जाता है, जिससे तस्करों को भारी मुनाफा होता है। अवैध तस्करी के खिलाफ कार्यवाही को लेकर वन विभाग ने भी हाथ खड़े कर दिए हैं। हाल ही में उत्तर प्रदेश ले जाई जा रही अवैध लकड़ी से भरी गाड़ी की सूचना मिलने के बावजूद वन विभाग ने इसे अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर का मामला बताकर कार्रवाई से इंकार कर दिया। इस सुस्ती के कारण तस्करों का नेटवर्क दिनों-दिन मजबूत हो रहा है और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की चुनौती बनता जा रहा है। अवैध लकड़ी कटाई और तस्करी पर रोक लगाने के लिए एसडीएम रवि राही ने सख्ती दिखाई है। मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए, जिसके बाद एक वाहन (क्क70 छ्व्ञ 7361) को भारी मात्रा में अवैध लकड़ी के साथ जब्त किया गया। यह वाहन उत्तर प्रदेश की ओर जा रहा था। इस कार्रवाई से तस्करों के बीच हड़कंप मच गया है, लेकिन गिरोह की गतिविधियां अभी भी क्षेत्र में जारी हैं। लकड़ी तस्करों के बीच आपसी टकराव की घटनाएं भी सामने आ रही हैं, जिससे क्षेत्र में तनाव बढ़ रहा है। प्रशासन की ओर से यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो यह गिरोह कानून-व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बन सकता है। क्षेत्र में तस्करों की बढ़ती गतिविधियों से पर्यावरण और स्थानीय सुरक्षा पर भी खतरे के बादल मंडरा रहे हैं।

# विलक्षण और तपस्वी संत श्रमण श्री सुप्रभसागर जी महाराज

डॉ. सुनील जैन



भारतीय संस्कृति के उन्नयन में श्रमण संस्कृति का योगदान गौरवशाली रहा है। आज भी वह प्राचीन श्रमण संस्कृति भारतीय संस्कृति के उन्नयन में अपनी अहम भूमिका का निर्वाह कर रही है। श्रमण संस्कृति की गौरवशाली परंपरा में परम पूज्य आचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज के प्रभावक शिष्य परम पूज्य श्रमण सुप्रभसागर जी मुनिराज अपनी आगमोक्त चर्या और आध्यात्मिक चिंतन के द्वारा निरंतर आत्मसाधना व प्रभावना में संलग्न हैं। आप श्रमण परंपरा के विलक्षण और तपस्वी संत हैं। आपने समाज और संस्कृति को भी एक नई दिशा दिखाई है। जन्म : मुनि श्री सुप्रभसागर जी का जन्म जननी मां के जनक नाना के यहां , कोल्हापुर महाराष्ट्र में पिता सद-गृहस्थ श्रेष्ठी राजनशाह , माता सुशील-सरल स्वभावी जननी मां सुरमंजरी की कुक्षि से 13 दिसंबर सन 1981 में हुआ था। श्रमण मुनि श्री सुप्रभसागर जी का गृह ग्राम आध्यात्मिक धर्म नगरी सोलापुर महाराष्ट्र है, जहां एक ओर श्राविका आश्रम है तो दूसरी ओर जीवराज ग्रंथ माला है जहां से संपूर्ण विश्व में जैन साहित्य उपलब्ध कराया जाता है, ऐसी दर्शन- ज्ञान - चारित्र रूपी त्रिवेणी से संपन्न नगर में आपका बाल्यकाल व्यतीत हुआ। गौर वर्ण के शिशु का नामकरण 'तथा गुण यथा नाम' की युक्ति अनुसार मनोज्ञ रखा गया। आपके ननिहाल पक्ष से सुप्रसिद्ध दिगंबर जैन आचार्य श्री समंतभद्र जी महाराज हुए जिन्होंने खुरई, कारंजा आदि स्थानों पर गुरुकुल स्थापित किए थे।

## आप बचपन से ही विरागी थे।

आचार्य श्री 108 श्री विशुद्धसागर जी ने बैरागी के वैराग्य का परीक्षण कर मध्यप्रदेश के अशोकनगर में सन 2009 अक्टूबर की 14 तारीख को भव्य समारोह में अपार जनसमूह के मध्य ब्रह्मचारी भैया जी को जैनेश्वरी दीक्षा प्रदान की। आपका नामकरण श्रमण मुनि सुप्रभसागर किया गया । इसके उपरांत आप लगभग 6 वर्ष तक अपने दीक्षा गुरु के साथ रहकर धर्म ग्रंथों का अध्ययन करते रहे। मध्य में असाता कर्मोदय के कारण अंतराय और शारीरिक पीड़ा को समता पूर्वक सहन करते रहे। जैसे स्वर्ण अग्नि में तप कर ही चमकता है वैसे ही आपने रोगों को सहनकर अपने दृढ़ वैराग्य एवं आंतरिक समत्व भाव का परिचय दिया ।

उपसंघ : अपने शिष्य की प्रतिभा को परख चुके आचार्य श्री विशुद्धसागर जी ने आपको धर्म प्रभावना के लिए प्रेरित किया फ्लतः सन 2016 छिंदवाड़ा से आपका पृथक उप- संघ बना। तब से अब तक आप नगर -नगर, गांव- गांव में पग विहार कर धर्म की प्रभावना कर रहे हैं ।

## प्रवचन शैली मनमोहक

आपकी प्रवचन शैली प्रभावक एवं मनमोहनी है। आप आध्यत्मिकता से परिपूर्ण ओजस्वी वक्ता के रूप में जाने जाते हैं। सूत्र वाक्यों में बड़ी से बड़ी बात कह देना आपकी प्रमुख विशेषता है। आप सहज, सरल व कठिन तपस्वी हैं। सक्षम गुरु के सक्षम शिष्य हैं।

## सृजन से समृद्ध हुआ साहित्य

आप प्रखर और ऊर्जावान वाणी के लिए तो जाने ही जाते हैं साथ ही अल्प साधना काल में ही बड़ी मात्रा में साहित्य सृजन कर मां जिनवाणी के भंडार और साहित्य जगत के भंडार को बढ़ाया है। आपका साहित्य सभी आयु वर्ग के लिए होता है इसलिए लोग आपकी प्रत्येक रचना को हाथोंहाथ लेते हैं। आपके साहित्य सृजन में कुछ इस प्रकार से है- सुनयनपथगामी, शुभ -लाभ , अहं या वहं, एक भ्रम,भवितव्यता, किसने लिखा। काव्य रचना के प्रति भी आपकी गहरी रुचि होने से आपकी लेखनी से अनेक काव्य रचनाएं भी निरंतर प्रसूत हो रहीं हैं जिनमें सोच , सुगुरु विशुद्धाष्टकम (संस्कृत), सोच नई। आपकी कृतियों का विभिन्न भाषाओं में अनुवाद भी हुआ है , जिनमें प्रमुख हैं- स्वानुभव तरंगिणी (मराठी), पंचशील सिद्धांत (मराठी), नियम देशना (मराठी), सुनयनपथगामी ( मराठी एवं अंग्रेजी)। आपके साहित्य सृजन से साहित्य का भंडार समृद्ध हुआ है।

## बहु भाषाविद

श्रमण मुनि श्री सुप्रभसागर जी महाराज का जन्म महाराष्ट्र में हुआ है। मातृभाषा मराठी, लौकिक शिक्षा सीए होने पर भी संस्कृत, प्राकृत, हिंदी, कन्नड़, अंग्रेजी आदि भाषाविद हैं। बुंदेलखंडी भी खूब बोलते हैं।आपकी प्रवचन शैली मन को मोहने वाली है। मातृभाषा मराठी होने के बाद भी हिंदी भाषा अच्छी है। भाषा सौष्ठव अनूठा है। आपकी तप- साधना भी अनूठी है। धर्म -आत्माओं का स्थितिकारण कैसे करना चाहिए यह मुनिश्री से सीखना चाहिए। आप निरंतर अष्टांग सम्यक्त्व का पालन करते हैं।

## समीचीन विकल्पों का सम्यक समाधान

मुनिश्री समीचीन विकल्पों का आगमोक्त सम्यक समाधान निरंतर करके जिज्ञासाओं की पिपासा को शांत कर उन्हें प्रशस्त मार्ग दिखा रहे हैं।



## विद्वानों के प्रति वात्सल्य

मुनिश्री का विद्वानों के प्रति हमेशा अतीव वात्सल्य भाव देखने को मिलता है। जब भी कोई विद्वान उनके समीप पहुंचा वह हमेशा उसे प्रमुखता देकर तत्त्व चर्चा करते हैं।

## विद्वत संगोष्ठियां

आपके सान्निध्य में मड़ावरा, सागर, विदिशा, उज्जैन और लखनऊ में कुल पांच राष्ट्रीय विद्वत संगोष्ठी अपूर्व सफ्लता के साथ अभी तक सम्पन्न हुई हैं। छठवीं संगोष्ठी मेरी भावना पर 19,20 अक्टूबर को लखनऊ में होने जा रही है। मेरा सौभाग्य है कि इन सभी संगोष्ठियों का संयोजन करने का अवसर मुझे प्राप्त हुआ है।

## साधना शिविरों से जुड़ा युवावर्ग

मुनिश्री के सान्निध्य में प्रतिवर्ष दसलक्षण महापर्व के अवसर पर आयोजित साधना शिविर में बड़ी संख्या में युवक-युवतियां सम्मिलित होकर नैतिक संस्कारों से जुड़ती हैं। दस दिन में मुनिश्री द्वारा दिए गए अनेक जीवन उपयोगी सूत्रों से युवावर्ग लाभान्वित होता है।

## पंचकल्याणक प्रतिष्ठाएं

जहाँ आप युवा वर्ग को धर्म, संस्कारों, संस्कृति से जोड़कर जीवंत प्रतिमाएं तैयार कर रहे हैं वहीं आपके सान्निध्य में अनेक पंचकल्याणक प्रतिष्ठाओं के माध्यम से पाषाण को संस्कारित कर भगवान बनाया गया है।

## द्वय मुनिराजों का आपस में वात्सल्य

मुनि श्री के साथ परम पूज्यमुनि श्री प्रणतसागर जी हैं जिनकी जन्मभूमि ललितपुर नगरी है, मुनिश्री मनोज्ञ, ध्यानी, सरल-स्वभावी हैं। मुनिराजों का आपस में वात्सल्य एवं समन्वय भी आज के परिपेक्ष्य में अनुकरणीय व स्तुत्य है। मुनिश्री के सान्निध्य में विगत वर्ष में कुछ समाधियां भी सफ्लता पूर्वक सम्पन्न हुई हैं।

## अमृतोद्भव पावसयोग

2024 लखनऊ में प्रभावनामयी आयोजन-मुनिश्री का प्रत्येक वर्षायोग ऐतिहासिक होता है। लखनऊ में भी अमृतोद्भव पावसयोग में अनेक प्रभावनामयी आयोजनों की श्रृंखला निरंतर जारी है। जिनमें कुछ प्रमुख इस प्रकार हैं-07 जुलाई 2024 को भव्य मंगल प्रवेश लखनऊ में हुआ तथा 20 जुलाई को पावसयोग कलश स्थापना की गई। 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा मनाई गई जिसमें लखनऊ के साथ ही अनेक स्थानों से आकर भक्तों ने गुरु गुणानुवाद किया। मुझे भी इस पल का साक्षी होने का सौभाग्य मिला। 22 जुलाई को वीरशासन जयंती मनाई गई। 11.8.24 से 19.8.24 तक डालीगंज में इंद्रध्वज महामण्डल विधान भक्ति श्रद्धा के साथ हुआ। 11 अगस्त को मुकुट सप्तमी (मोक्षसप्तमी) मनाई गई।19 अगस्त को वात्सल्य पर्व रक्षाबंधन मनाया गया। 08 सितम्बर से 17 सितम्बर 2024 तक समायसारोपासक साधना संस्कार शिविर काकोरी में भारी उल्लास के साथ आयोजित हुआ। यह ऐतिहासिक आयोजन था,ज्ञात जानकारी के अनुसार लखनऊ के इतिहास में पहली बार संस्कार शिविर का आयोजन हुआ। 18 सितम्बर को सामूहिक क्षमावाणी का कार्यक्रम हुआ। 21,22 सितम्बर को गणाचार्य श्री विरागसागर जी व्यक्तित्व एवं कृतित्व राष्ट्रीय विद्वत् संगोष्ठी का आयोजन पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सआदतगंज में हुआ। आचार्यश्री के समाधि के बाद यह पहला आयोजन था जो आचार्यश्री के व्यक्तित्व-कृतित्व को समर्पित था। 6 अक्टूबर 24 को गुरु उपकार पर्व (दीक्षादिवस) प.पू. मुनि श्री प्रणतसागरजी महाराज का मनाया गया। आगामी आयोजनों में 17 अक्टूबर को गोद भराई का कार्यक्रम होगा जिसमें आचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज के कर कमलों से होने जा रही जैनेश्वरी दीक्षाओं के दीक्षार्थियों की गोद भराई होगी। आगामी 19, 20 अक्टूबर को मेरी भावना पर राष्ट्रीय विद्वत् संगोष्ठी सआदतगंज में आयोजित होगी। जिसके निर्देशक डॉ श्रेयांस कुमार जी जैन एवं संयोजन का सौभाग्य मुझे (डॉ सुनील संचय) को प्राप्त हो रहा है।

## लख़नऊ में 16वां दीक्षा दिवस

मुनिश्री का 2024 का मङ्गल वर्षायोग उत्तर प्रदेश की राजधानी लख़नऊ में विविध प्रभावनामयी आयोजनों के साथ चल रहा है। 14 अक्टूबर को सआदतगंज लख़नऊ में मुनिश्री का 16वां मुनि दीक्षा दिवस त्रिदिवसीय विविध आयोजनों के साथ अगाध श्रद्धा पूर्वक मनाया जाएगा, जिसमें मुनिश्री के भक्तगण दूरस्थ स्थानों से भी सम्मिलित होंगे। जिसमें 12 अक्टूबर को उपनयन संस्कार और 13 अक्टूबर को दंपत्ति मूलगुण संस्कार का आयोजन भी भव्यता के साथ होंगे। मुनिश्री के साधनामयी तेजस्वी जीवन को शब्दों की परिधि में बांधना संभव नहीं है । यह सूर्य को दीपक दिखाना और सिंधु को बिंदु जैसा है ।

## दीक्षा कल्याणक को प्राप्त करें

हमारे आराध्य पंच परमेष्ठी में साधु परमेष्ठी को गौरवान्वित कर रहे हैं। आप पांचों पदों को प्राप्त करें और इस दीक्षा दिवस पर उनके चरणों में नमोस्तु करते हुए भावना भाता हूं कि आपका दीक्षा कल्याणक भी हमें मनाने को मिले । दीक्षा दिवस पर यही भावना भाता हूं कि तपोवर्धन एवं स्व-पर कल्याण के निमित्त आप सदा स्वस्थ रहें, दीर्घायु होकर श्रमण संस्कृति- जैन धर्म की असीम प्रभावना करें और आशीर्वाद प्रदान करते रहें जिससे हम अपने जीवन को ज्योतिर्मय बना सकें। सादर नमोस्तु!!!

# भारत का कार्बन बाज़ार : उत्सर्जन से निपटने और हरित प्रथाओं को प्रोत्साहित करने के लिए नई रूपरेखा...

भारत ने जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने और अपने महत्वाकांक्षी जलवायु लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, दो आवश्यक दिशानिर्देश जारी किए हैं, जो भारतीय कार्बन बाजार (आईसीएम) के भविष्य को आकार देंगे। ये अनुपालन व्यवस्था के लिए विस्तृत प्रक्रिया और मान्यता प्राप्त कार्बन सत्यापन एजेंसियों के लिए मान्यता प्रक्रिया और पात्रता मानदंड हैं। आशा है कि वे मिलकर कार्बन उत्सर्जन की मात्रा निर्धारित करने और कार्बन क्रेडिट के व्यापार को सुविधाजनक बनाने के भारत के प्रयासों को उत्प्रेरित करेंगे, जिससे देश अपनी जलवायु प्रतिबद्धताओं को अपनाएगा। भारत की जलवायु रणनीति, जलवायु परिवर्तन पर पेरिस समझौते के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) में उल्लिखित है। भारत ने न केवल इसे पूरा किया है बल्कि अपने कई लक्ष्यों को निर्धारित समय से पहले ही पूरा कर लिया है। वर्ष 2016 में हस्ताक्षरित, पेरिस समझौते का उद्देश्य सदी के अंत तक वैश्विक तापमान वृद्धि को 2 डिग्री सेल्सियस से नीचे सीमित करना था। भारत ने शुरू में वर्ष 2005 के स्तर से वर्ष 2030 तक अपने सकल घरेलू उत्पाद की उत्सर्जन तीव्रता को 33-35 प्रतिशत तक कम करने का वादा किया था। हालाँकि, भारत ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए इस लक्ष्य को समय से पहले ही प्राप्त कर लिया। अपनी महत्वाकांक्षाओं को आगे बढ़ाते हुए, 2021 में ग्लासगो में पार्टियों के सम्मेलन (सीओपी-26) में, भारत ने और भी अधिक आक्रामक लक्ष्य निर्धारित किए। इसने वर्ष 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करने, वर्ष 2030 तक अपनी अर्थव्यवस्था की कार्बन तीव्रता को 45 प्रतिशत तक कम करने और उसी समय सीमा के भीतर गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से अपनी 50 प्रतिशत बिजली उत्पन्न करने का लक्ष्य निर्धारित किया था। इनमें से कुछ प्रमुख उपलब्धियां तय समय से पहले ही हासिल करके, भारत ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के वैश्विक प्रयास में नेतृत्व का प्रदर्शन किया है।

लेकिन हम वहां कैसे पहुंचे? यहीं पर भारतीय कार्बन बाजार (आईसीएम) आता है। विचार सरल है: यदि कोई कंपनी अपने कार्बन उत्सर्जन को कम करती है, तो वह कार्बन क्रेडिट नामक कुछ अर्जित करती है, जिसे वह अन्य कंपनियों को बेच सकती है जो अपने उत्सर्जन को कम करने के लिए संघर्ष कर रही हैं। यह एक पुरस्कार प्रणाली की तरह है - जो कंपनियाँ पर्यावरण के लिए बेहतर काम करती हैं वे पैसा कमा सकती हैं, जबकि जिन्हें सुधार के लिए अधिक समय की आवश्यकता है वे अपने अतिरिक्त उत्सर्जन की भरपाई के लिए क्रेडिट खरीद सकती हैं। भारतीय कार्बन बाजार को एक व्यापक और पारदर्शी प्रणाली की आवश्यकता है जो आर्थिक विकास को गति देते हुए डीकार्बोनाइजेशन को बढ़ावा दे सके। भारतीय कार्बन बाजार, उत्सर्जन मूल्य निर्धारण पर बल देने के साथ, इस संतुलन को प्राप्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण व्यवस्था प्रस्तुत करता है। कंपनियों को कार्बन क्रेडिट का व्यापार करने की अनुमति देकर, भारत का लक्ष्य सार्वजनिक और निजी दोनों हितधारकों को अपने कार्बन उत्सर्जन को सक्रिय रूप से कम करने के लिए प्रोत्साहित करना है, जिससे देश को लागत प्रभावी और बडे पैमाने पर डीकार्बोनाइज करने में सक्षम बनाया जा सके।

## भारतीय कार्बन बाज़ार ढांचे का निर्माण

भारतीय कार्बन बाजार की नींव वर्ष 2022 में ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 में संशोधन के साथ रखी गई थी, जिसने सरकार को कार्बन क्रेडिट व्यापार योजना (सीसीटीएस) स्थापित करने का अधिकार दिया। यह योजना भारत को वैश्विक कार्बन बाजार प्रथाओं के साथ जोड कर कार्बन व्यापार को संचालित करने के लिए आवश्यक नियामक संरचना प्रदान करती है। सीसीटीएस, जून 2023 में पेश किया गया और दिसंबर 2023 में और संशोधित किया गया, जो दो प्रमुख व्यवस्थाओं: अनुपालन और ऑफ्सेट के माध्यम से कार्बन व्यापार के लिए एक संरचित दृष्टिकोण प्रदान करता है। अनुपालन व्यवस्था उन उद्योगों और क्षेत्रों को लक्षित करता है जिन्हें बाध्य संस्थाओं के रूप में वर्गीकृत किया गया है। इन संस्थाओं को सरकार द्वारा निर्धारित विशिष्ट ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन तीव्रता (जीईआई) लक्ष्यों को पूरा करना आवश्यक है। यदि कोई बाध्य इकाई अपने उत्सर्जन को निर्धारित लक्ष्य से कम कर देती है, तो उसे कार्बन क्रेडिट प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा, जिसका ट्रेडिंग एक्सचेंज पर कारोबार किया जा सकता है। इसके विपरीत, जो संस्थाएँ अपने लक्ष्य को पूरा करने में विफ्ल रहती हैं, उन्हें अपने अतिरिक्त उत्सर्जन की भरपाई के लिए क्रेडिट खरीदना होगा। यह बाज़ार-संचालित





व्यवस्था सुनिश्चित करती है कि कंपनियों को उत्सर्जन में कटौती करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए, जिससे यह भारत के लिए अपनी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय जलवायु प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए एक आवश्यक उपकरण बन सके। ऑफ्सेट व्यवस्था गैर-बाध्यकृत संस्थाओं को कार्बन बाजार में स्वेच्छा से भाग लेने की अनुमति देकर अनुपालन प्रणाली को पूरक करता है। ये संस्थाएं, जिनमें नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाएं या उत्सर्जन को कम करने के उद्देश्य से पहल शामिल हो सकती हैं, कार्बन क्रेडिट के लिए अपनी गतिविधियों को पंजीकृत कर सकती हैं। समग्र उत्सर्जन में कमी में योगदान देकर, इन परियोजनाओं को कार्बन क्रेडिट से सम्मानित किया जाता है जिसका व्यापार किया जा सकता है। इससे भारत के कार्बन बाजार में प्रतिभागियों के एक व्यापक नेटवर्क को प्रोत्साहन मिलता है।

## अनुपालन और सत्यापन का समर्थन करने के लिए नए दिशानिर्देश

अनुपालन व्यवस्था की विस्तृत प्रक्रिया बताती है कि कार्बन बाजार प्रणाली कैसे काम करती है। यह कंपनियों को दिखाता है कि वे अपने उत्सर्जन स्तर की कैसे निगरानी और रिपोर्ट कर सकते हैं और यदि वे अपने उत्सर्जन-कटौती लक्ष्यों को पूरा करते हैं या पूरा करते हैं तो वे कार्बन क्रेडिट कैसे अर्जित कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, यदि कोई सीमेंट कंपनी अपने उत्सर्जन को आवश्यकता से अधिक कम कर देती है, तो वह अतिरिक्त कार्बन क्रेडिट अर्जित कर सकती है। ये क्रेडिट उन बिंदुओं की तरह हैं जिन्हें कंपनी किसी अन्य व्यवसाय, संभवत: इस्पात कारखाने को बेच सकती है, जिसके लिए उत्सर्जन कम करना कठिन हो रहा है। इस तरह, जिन व्यवसायों को उत्सर्जन में कटौती के लिए अधिक समय की आवश्यकता है, वे अब भी बेहतर प्रदर्शन करने वालों से क्रेडिट खरीदकर अपने लक्ष्यों को पूरा कर सकते हैं। अनुपालन व्यवस्था की यह विस्तृत प्रक्रिया, अनुपालन प्रक्रिया के लिए कैसे काम करेगी, इसके लिए एक स्पष्ट रूपरेखा प्रदान करने के लिए तैयार की गई है। यह दस्तावेज़ उन सिद्धांतों, प्रक्रियाओं और समय-सीमाओं की रूपरेखा तैयार करता है जिनका हितधारकों को अपने उत्सर्जन कटौती दायित्वों को पूरा करने के लिए पालन करना चाहिए। इसमें यह मार्गदर्शन शामिल है कि संस्थाओं को अपने ग्रीन हाउस गैस (जीएचजी) उत्सर्जन की निगरानी, रिपोर्ट और सत्यापन कैसे करना चाहिए, यह सुनिश्चित करते हुए कि प्रणाली पारदर्शी और जवाबदेह है। दूसरा दिशानिर्देश, जिसे प्रत्यायन प्रक्रिया कहा जाता है, यह सुनिश्चित करता है कि उत्सर्जन में कटौती वास्तविक है या नहीं, और इसकी जांच करने वाली कंपनियां भरोसेमंद और सक्षम हैं। यह सत्यापित करने के लिए कि क्या व्यवसाय ईमानदारी से अपने उत्सर्जन स्तर की रिपोर्ट कर रहे हैं, इसके लिए मान्यता प्राप्त कार्बन सत्यापन एजेंसियां ??(एसीवी) तीसरे पक्ष के संगठन होंगे। उदाहरण के लिए, यदि कोई उद्योग अधिक ऊर्जा दक्ष प्रौद्योगिकी या नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग करके उत्सर्जन को कम करने का दावा करता है, तो एसीवी किसी भी कार्बन क्रेडिट देने से पहले संख्याओं की दोबारा जांच करेगा। यह ऐसे लेखा परीक्षक होने जैसा है जो यह सुनिश्चित करते हैं कि सब कुछ सटीक और निष्पक्ष हो। यह सुनिश्चित करता है कि प्रणाली पारदर्शी है, और हम भरोसा कर सकते हैं कि उत्सर्जन में कटौती वास्तविक है, न कि केवल कागज पर। यह बेहतर ढंग से समझने के लिए कि यह प्रणाली व्यवहार में कैसी दिख सकती है, आइए कुछ वास्तविक दुनिया के उदाहरणों पर विचार करें: भारत में एक बड़ी इस्पात कंपनी को वर्ष के अंत तक अपने कार्बन उत्सर्जन को 10 प्रतिशत तक कम करना होगा। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए, कंपनी अपनी मशीनरी को अधिक ऊर्जा-दक्ष बनाने के लिए अपग्रेड करती है, जिससे उसका कार्बन उत्सर्जन 15 प्रतिशत कम हो जाता है। इन उत्सर्जन की जाँच और सत्यापन मान्यता प्राप्त कार्बन सत्यापन एजेंसियों द्वारा किया जाता है। अतिरिक्त 5 प्रतिशत कटौती से कंपनी को कार्बन क्रेडिट मिलता है जिसे वह सीमेंट निर्माता जैसी किसी अन्य कंपनी को बेच सकती है, जो अपने उत्सर्जन लक्ष्य को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रही है। इस तरह, दोनों कंपनियों को लाभ होता है जबकि भारत का समग्र उत्सर्जन कम हो जाता है।

## भारतीय कार्बन बाज़ार के लिए भविष्य में आगे क्या होगा?

भारतीय कार्बन बाजार का संचालन अब भी शुरुआती चरण में है, लेकिन जमीनी कार्य तेजी से आकार ले रहा है। ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई), जो आईसीएम के प्रशासक के रूप में कार्य करता है, वर्तमान में अनुपालन व्यवस्था में भाग लेने वाले उद्योगों के लिए क्षेत्र-विशिष्ट उत्सर्जन लक्ष्यों को अंतिम रूप दे रहा है। ये लक्ष्य भारत के एनडीसी के अनुरूप उत्सर्जन में कटौती हासिल करने की दिशा में कंपनियों का मार्गदर्शन करने में महत्वपूर्ण होंगे। साथ ही, बीईई एक आईसीएम पोर्टल विकसित करने पर भी काम कर रहा है, जो एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है और यह कार्बन क्रेडिट के सुचारू व्यापार को सक्षम करेगा। यह आईटी अवसंरचना यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण होगी कि कार्बन बाजार कुशलतापूर्वक चले और लेनदेन सभी प्रतिभागियों के लिए पारदर्शी और सुलभ हो। इसके अतिरिक्त, बीईई कार्बन क्रेडिट के व्यापार को नियंत्रित करने वाले नियमों को विकसित करने के लिए केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग (सीईआरसी) के साथ सहयोग कर रहा है, जिससे भारत के कार्बन बाजार के ढांचे को और मजबूत किया जा सके। भारतीय कार्बन बाजार एक महत्वपूर्ण प्रभाव पैदा करने के लिए तैयार है, जिससे पर्यावरण और अर्थव्यवस्था दोनों को लाभ होगा। व्यवसायों को अपने उत्सर्जन को कम करने के लिए प्रेरित करने और सफ्ल होने वालों को पुरस्कृत करके, बाजार हरित प्रौद्योगिकियों की ओर बदलाव में तेज़ी लाता है। यह प्रणाली सुनिश्चित करती है कि कंपनियां अपने जलवायु परिवर्तन लक्ष्यों की दिशा में अधिक लागत प्रभावी तरीके से काम कर सकें। समय के साथ, जैसे-जैसे अधिक उद्योग भाग लेंगे, कार्बन बाजार व्यवसायों को कार्बन क्रेडिट का व्यापार करने की अनुमति देकर कार्बन उत्सर्जन में कटौती की लागत को कम करने में सहायता करेगा। यह व्यापार उन कंपनियों को सक्षम बनाता है जिन्हें अपने उत्सर्जन को कम करना चुनौतीपूर्ण या महंगा लगता है, ताकि वे पहले से ही स्वच्छ प्रौद्योगिकियों को अपनाने में अग्रणी लोगों से क्रेडिट खरीद सकें। संयुक्त राष्ट्र महासचिव अंतोनियो गुत्तरश ने कार्बन बाजारों के महत्व पर बल देते हुए कहा, हमें कार्बन उत्सर्जन अंतर को कम करने की आवश्यकता है और कार्बन बाजार उस रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हो सकते हैं, जो स्वच्छ प्रौद्योगिकियों और प्रथाओं में निवेश को प्रोत्साहन दे सकते हैं। यह रेखांकित करता है कि कार्बन बाजार व्यवसायों और व्यक्तियों को उनके संचालन और प्रथाओं में सार्थक परिवर्तन में योगदान करने के लिए कैसे सशक्त बनाता है। एक बाज़ार बनाने से जहां कार्बन क्रेडिट का व्यापार किया जा सकता है, व्यवसायों के लिए हरित प्रौद्योगिकियों को अपनाने की लागत अधिक प्रबंधनीय हो जाती है। प्रत्येक कंपनी स्थायी परिचालन में परिवर्तन का पूरा खर्च वहन करने के बजाय, प्रतिस्पर्धी बने रहते हुए धीरे-धीरे बदलाव ला सकती है। भारतीय कार्बन बाजार एक परिवर्तनकारी अवसर प्रस्तुत करता है, जिसमें वर्ष 2030 तक 15 अरब डॉलर का बाजार बनने की क्षमता है। इससे नवीकरणीय ऊर्जा, हरित प्रौद्योगिकियों और कम कार्बन नवाचारों में महत्वपूर्ण निवेश होगा। कार्बन डाइ ऑक्साइड के तीसरे सबसे बड़े उत्सर्जक के रूप में, भारत का कार्बन बाजार वैश्विक उत्सर्जन को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जिससे देश को वर्ष 2070 तक अपने महत्वाकांक्षी शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। यह दृष्टिकोण न केवल अपनी जलवायु प्रतिबद्धताओं को पूरा करने की दिशा में भारत की यात्रा को तेज करता है बल्कि व्यवसाय डीकार्बोनाइजेशन के वित्तीय बोझ को कम करने में सहायता भी करता है। अंततः, भारतीय कार्बन बाज़ार भविष्य के लिए एक स्थायी और आर्थिक रूप से सुदृढ़ समाधान का प्रतिनिधित्व करता है, जिससे धरती और अर्थव्यवस्था, दोनों को लाभ होता है।

**अशोक कुमार, डीडीजी बीईई**
**सौरभ दिद्दी, निदेशक बीईई**
**अतीक मतीन शेख, जलवायु परिवर्तन विशेषज्ञ, बीईई**

दैनिक
# विश्व परिवार

रायपुर, सोमवार 14 अक्टूबर 2024

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com



## संक्षिप्त समाचार

### श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में प्रथम बार हुआ कलिकुंड पार्श्वनाथ मंडल विधान



**रामगंजमंडी (विश्व परिवार)।** 1008 श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में गणिनी गुरु मां 105 विमल प्रभा माताजी संघ सानिध्य में कलिकुंड पार्श्वनाथ महामंडल विधान भक्ति भाव से किया गया। रविवार की बेला में आयोजित हुए इस अनुष्ठान प्रारंभ करने से पूर्व मूल नायक श्री शांतिनाथ भगवान की पूजन कर अष्ट द्रव्य समर्पित किए गए। इसके पश्चात गणिनी आर्यिका 105 विमलप्रभा माताजी संघ सानिध्य में एवम क्षुल्लिका 105 सुमैत्रश्री माताजी एवं बाल ब्रह्मचारी प्रेममामा जी के निर्देशन में महामंडल विधान की समस्त क्रियाएं संपन्न हुई। मौजूद सभी भक्त इस आयोजन में भक्ति से ओतप्रोत रहे। मंडल पर प्रथम स्थापना करने का सौभाग्य महेश कटारिया रामगंजमंडी को प्राप्त हुआ। महामंडल विधान में विशेष रूप से श्रीफल, मोसंबी, नैवध्य, पान, गुलाब पुष्प, पताका, दीपक और अष्ट द्रव्य से भगवान पार्श्वनाथ की आराधना की गई। इसके पश्चात धरणेन्द्र एवं मां पद्मावती देवी की भक्ति आराधना की गई। सुरभी लुहाड़िया, शिप्रा विनायका से मिली जानकारी अनुसार अनुष्ठान के अंत में 125 लवंग की आहुति दी गई। एवं भक्ति भाव के साथ आरती की गई। महामंडल विधान में माँ प ?द्मावती भक्त मण्डल का विशेष सहयोग रहा। समाज की ओर से विधान को पूर्ण रूप से क्रिया विधि से संपन्न कराने हेतु श्रीमान प्रेमचंदजैन मामाजी (एटा वाले) का एवं कालू से पधारे माताजी के परम भक्त श्रीमान श्रीमती महावीर बोहरा का समाज अध्यक्ष दिलीप कुमार विनायका, उपाध्यक्ष चेतन बागड़ियां, कमल लुहाड़िया, महेश कटारिया, भागचंद पहाड़िया, शर्मिला पहाड़िया आदि की उपस्थिति में इनका अभिनंदन एवं स्वागत किया गया एवं इन्हें अभिनंदन पत्र भेंट किया गया। -**अभिषेक जैन लुहाड़िया**

### आचार्य श्री शान्तिसागर जी महामुनिराज के आचार्य पदारोहन शताब्दी महोत्सव को भगवान महावीर दिगंबर जैन मंदिर में धूमधाम से मनाया गया

**नांदणी (विश्व परिवार)।** परम पुज्य चारित्र चक्रवर्ती आचार्य श्री शान्तिसागर जी महामुनिराज के आचार्य पदारोहन शताब्दी महोत्सव श्री



महावीर दिगंबर जैन मंदिर, रुईकर कॉलनी, कोल्हापूर में बड़े ही धुमधाम से मनाया गया। प्रातः श्री आदिनाथ भगवान जी के अभिषेक शान्तिधारा के पश्चात् आचार्य श्री शांतिसागर महाराज जी के प्रतिमा के सामने मंदिर के अध्यक्ष श्री भरतेश संगरुळकर, सौ अनघा भरतेश सांगरुळकर, हुपरी की प्रथम नगराध्यक्षा सौ जयश्री महावीर गाट, भ. महावीर मंदिर के ट्रस्टी श्री संजय मेळवंकी, वीर सेवा दल रुईकर कॉलनी कोल्हापूर के संघनायक श्री अभिषेक अशोक पाटील, जिनवाणी महिला मंडल की प्रमुख सौ कांचन मुरचिट्टे, पद्मावती महिला मंडल की अध्यक्षा सौ विजया पाटील, श्रीमती शिल्पा पाटील, सौ मीनाक्षी नकाते, श्री विजय नकाते, सौ स्वाती गुंडे, लडगे, सौ शिल्पा तपकिरे, श्री ब्राम्हकीरण उपाध्ये आदि श्रावक-श्राविका द्वारा दीप प्रज्वलन कर समाज के सभी सदस्यों ने बड़े ही हर्षोलाश से पूजन की।

### मनोहर गौशाला में मनाई गई मनोहर गुरुवर्या जी की 19वीं पुण्यतिथि



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मनोहर गौशाला खैरागढ़ में परम पूज्य गुरुवर्या, छत्तीसगढ़रत्न शिरोमणि, महत्तरा पद विभूषिता श्री मनोहर गुरुवर्या की 19वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान गुरुवर्या की प्रतिमा की पूजा-अर्चना कर दुग्धाभिषेक किया गया। बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने पूजा कर उनका आशीर्वाद लिया। मनोहर गौशाला के मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ. अखिल जैन (पदम डाकलिया) ने बताया कि गौशाला का नामकरण उन्हीं के नाम से किया गया है। उन्होंने आशीर्वाद देकर मनोहर गौशाला निर्माण के लिए प्रेरणा दी थी। उनका जीवन बहुत ही सरल व उत्कृष्ट रहा। उन्हीं की सुशिष्या गुरुवर्या श्री मृगावती श्रीजी की पावन प्रेरणा से गौशाला में पशुओं के लिए सर्वसुविधायुक्त अस्पताल, 11 सौ गौवंश के लिए शेड निर्माण, वैज्ञानिकों द्वारा रिसर्च, फसल अमृत, गौ अर्क सहित गोबर से निर्मित वस्तुओं के प्रोडक्ट बनाए जा रहे हैं।

## जो व्यक्ति तप को धारण करता है, उनको अलंकृत करने वाले भी अलंकृत हो जाते हैं : मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज



**इंदौर (विश्व परिवार)।** तपस्या ही हमारे जीवन का अलंकार है जो व्यक्ति तप को धारण करता है, उसका जीवन तो अलंकृत होता ही है उनको अलंकृत करने वाले भी अलंकृत हो जाते हैं। उपरोक्त उद्‌गार मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज ने मोहताभवन में आयोजित इंटरनेशनल एसोसिएशन जैन फोरम द्वारा आयोजित तपस्वियों के अलंकरण समारोह में व्यक्त किये।

मुनि श्री ने कहा कि तप की अनुमोदना ही धर्म की अनुमोदना है, उन्होंने जैन फोरम की प्रशंसा करते हुये कहा समग्र जैन समाज के तपस्वियों का आज सम्मान किया जा रहा है यह बहूत ही प्रशंसनीय तथा अनुकरणीय है, उन्होंने धर्म के स्वरुप को सामने रखते हुये कहा कि अहिंसा, संयम, तप तथा दर्शन ज्ञान चारित्र ही धर्म का मूल है उनको ही सामने रखना चाहिये बाकी सभी बातें गौण हो जाना चाहिये तभी हम अपने आपको तथा अपने जैन धर्म को बचा पाऐंगे। उन्होंने कहा कि पंथ कभी भी एक नहीं हो सकते हां पंथी एक हो सकते है हम सभी पंथाग्रही न बनें बल्कि सभी पंथ अपनी अपनी धार्मिक क्रिआओं को अपने पंथ के अनुरूप ही करते हुये किसी के ऊपर अपनी क्रिया को थोपने की कोशिश नहीं करें, तो शायद हम अपने जैन धर्म को आगे बड़ाने में कामयाब होंगे। मुनि श्री ने कहा कि सारी दुनिया जैन धर्म के अनेकांत की ओर देख रही है, जो समूची दुनिया में शांति स्थापित करने की क्षमता रखती है। क्या हम मुट्ठीभर जैन एक होकर नहीं रह सकते? उन्होंने कहा कि पंथाग्रही नहीं बनो भगवान महावीर के उस पथ के राही बनें जिसमें हम दिगंबर स्वेताम्बर मूर्तीपूजक स्थानक बासी जो भी है उनके पंथ को तो बदला नहीं जा सकता यदि बदला जा सकता होता तो 2500 वर्ष निकल गये और पूर्व में भी बहूत बड़े आचार्य हुये उन्होंने भी प्रयास किये होंगे लेकिन मेरा ऐसा मानना है कि हम किसी की पूजा पद्धति पर न जाएं जिसकी जो भी मान्यता है वह मंदिर उपाश्रय और उनके पूजास्थल तक रहे और जब हम उससे बाहर निकलें तो एक मात्र जैन होकर निकलेंगे तो ही हम अपने धर्म और धर्मायतनों की रक्षा कर पाऐंगे, आज साधर्मी बैक्सीन की बहूत बड़ी आवश्यकता है यह दुर्लभ मनुष्य जीवन मिला है और आप सभी ने तपस्या के इस मार्ग को अंगीकार किया है सभी की तपस्या सार्थक हो सभी मोक्षमार्गी बनें इसी मंगल भावना के साथ आचार्य श्री की ये पक्तियां तन मिला तुम तप करो, करो कर्म का नाश, रबि शशि से भी अधिक है तुम में दिव्यप्रकाश के साथ सभी आयोजकों को आशीर्वाद प्रदान किया इस अवसर पर मुनि श्री निर्वेग सागर महाराज एवं मुनि श्री संघान सागर महाराज के साथ स्वेताम्बर पंथ के राजेश मुनि एवं साध्वियां उपस्थिति रही। राजेश मुनि ने सम्वोधित करते हुये कहा कि कितनी छोटी सी समाज है और छोटा सा जीवन है हम सभी प्रेम और वातसल्य से रहें। जैन समाज अपरिग्रही समाज है किसी के भी धर्मायतनों पर कब्जा नहीं करती यदि हम किसी का सम्मान न कर पाऐं तो किसी का अपमान न करें। उन्होंने कुत्ता और गधा की कहानी सुनाते हुये कहा कि दौनों में होड़ लगी कि जो चार चौराहे के पार सिंघासन पर पहले पहुंच जाऐगा वह राजा बनेगा सभी जानते थे कि गधा धीरे धीरे चलता है अतः कुत्ता भी आस्वस्त था कि वह अपने गंतव्य तक पहुंच जाऐगा दौड़ प्रारंभ हुई कुत्ता सबसे पहले पहला चौराहे पर जैसे ही पहुंचा तो उसे चौराहे के कुत्तों ने घेर लिया और वह उनसे जैसे तैसे निपटा आगे बड़ा तो यही स्थिति दूसरे और तीसरे चौराहे पर रही इस बीच गधा धीरे धीरे आगे बड़ रहा था और जब तक चौथे चौराहे पर कुत्ता पहूंचता उसके पहले ही गधा सिंघासन पर विराजमान हो चुका था इस कहानी की प्रेरणा से आप सभी लोग समझ चुके होंगे।

कार्यक्रम में समग्र जैन समाज के लगभग तपस्वियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में आचार्य श्री के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन जैन फोरम, धर्मप्रभावना समिति के पदाधिकारियों द्वारा किया गया कार्यक्रम का संचालन अभय भैया जी एवं राजेश चौरडिया ने किया।धर्म प्रभावना समिति के मीडिया प्रभारी राहुल जैन प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया अतिथियों तथा तपस्वियों का सम्मान धर्म प्रभावना समिति के अध्यक्ष अशोक डोसी, नवीन जैन गोधा, मुकेश पाटौदी, महामंत्री हर्ष जैन सहित सभी पदाधिकारियों ने किया। दिनांक 14 अक्टूबर सोमवार को प्रातः6 बजे मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज स संघ मोहताभवन से सत्य साइ चौराहा विजयनगर के लिए प्रस्थान करेंगे यंहा पर आगामी 7 नवम्वर से 17 नवम्वर तक आयोजित कार्यक्रम के लिये भूमी शुद्धी होगी तथा विजयनगर मंदिर प्रांगण में 8 बजे धर्म सभा को सम्वोधित करेंगे। -**अविनाश जैन**

## गायत्री नगर में आचार्य शांति सागर पदारोहण शताब्दी दिवस मनाया



**जयपुर (विश्व परिवार)।** परम पूज्य चारित्र चक्रवर्ती प्रथमाचार्य श्री शांति सागर महाराज का आचार्य पदारोहण शताब्दी दिवस दिगंबर जैन मंदिर गायत्री नगर महारानी फार्म दुर्गापुरा जयपुर में मंदिर प्रबंध समिति के तत्वावधान में धूमधाम से बड़े भक्ति भाव से मनाया गया।

मंदिर प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष कैलाश छाबड़ा ने अवगत कराया की आचार्य शांति सागर महाराज पदारोहण दिवस के अवसर पर सर्वप्रथम अभिषेक, शांतिधारा के पश्चात आचार्य श्री के चित्र के समक्ष मन्दिर प्रबन्ध समिति द्वारा दीप प्रज्ज्वलन किया गया। तत्पश्चात आचार्य श्री की पूजा भक्ति भाव से ग्ररुप बनाकर उनके चित्र के सामने पूजा स्थापना, जल, चंदन, अक्षत, पुष्प, दीप धूप, फल, अर्घ्य एवं जयमाला पूर्णार्घ्य समर्पित किए।

मंदिर प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष अरुण शाह ने आचार्य श्री के जीवनवृत के संबंध में प्रकाश डाला और कहा कि आज जो श्रमण( दिगम्बर जैन मुनि) परंपरा जीवंत है वो आचार्य श्री की ही देन है।

इस अवसर पर कैलाश छाबड़ा, अरुण शाह, धूप चंद शाह, युवा परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन बड़जात्या, एडवोकेट विमल जैन, प्रकाश बड़जात्या, दीपेश छावड़ा, हरख चंद जैन, अनिल जैन बड़जात्या, पुलक मंच की राष्ट्रीय महामंत्री बीना टोंग्या, मंजू सेवावाली, अनीता बड़जात्या, भावना झांझरी, राकेश पाटोदी, मैना सोगानी, सजल लुहाड़िया, सुरेश जैन, कमल जैन मालपुरा वाले, पदम पांड्या आदि महानुभावों के साथ महिला- पुरुष उपस्थित थे। सुनंदा अजमेरा के मधुर कंठ से भक्ति के साथ पूजा की गई, सभी मांगलिक क्रियाएं विधानाचार्य अजित शास्त्री, पंडित विमल शास्त्री द्वारा कराए गई।

अंत में सभी ने मिलकर आचार्य श्री का मंगल ध्वज स्थापित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अरुण शाह द्वारा किया गया। अंत में अध्यक्ष कैलाश छाबड़ा ने सभी का आभार व्यक्त किया।


-**उदयभान जैन बड़जात्या**

## 2 नवंबर को नांदणी में अध्यात्मिक गुरू विशुद्धसागर जी महाराज ससंघ का भव्य पिच्छिका समारोह

**नांदणी (विश्व परिवार)।** परम पूज्य आचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज यांच्या सहित त्यांच्या 25 शिष्यांचा स्वस्तिश्री जिनसेन भट्टारक पट्टाचार्य महास्वामी संस्थान मठ नांदणी (महाराष्ट्र) चातुर्मास शुरु हैं। 2 नवंबर 2024 को नांदणी में अध्यात्मिक गुरू विशुद्धसागर जी महाराज ससंघ का भव्य पिच्छिका समारोह परम पूज्य जिनसेन भट्टारक पट्टाचार्य महास्वामीजी नांदणी के अधिनेतृत्व में संपन्न होगा।

दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति में प्रत्येक आचार्य, साधु, आर्यिका, ऐलक, क्षुल्लक, क्षुल्लिकाजी के लिए संयम उपकरण के रूप में मयूर पिच्छिका अत्यंत आवश्यक व उपयोगी है। दैनिक क्रियाओं में परिमार्जन, मंगलाचरण, सामायिक, प्रतिक्रमण, आहार, विहार आदि समस्त क्रियाऐं बिना पिच्छिका के संभव ही नही है। किसी भी परिस्थिति में साधुजन बिना पिच्छिका के एक कदम भी नही चल सकते है और यदि बिना पिच्छिका के 7 कदम तक की दूरी तय कर भी ले तो आगमानुसार इसके लिए उन्हें अपने गुरु से प्रायश्चित भी लेना पड़ता है।

मयूर पंख में विद्यमान 5 गुणों के साथ ही आगम (शास्त्र) में आचार्य कुंद-कुंद स्वामी जी ने दिगम्बर श्रमणों के लिए मयूर पंख से निर्मित पिच्छिका का ही उल्लेख किया। है। मोर एक ऐसा पक्षी है जो कार्तिक मास के आसपास स्वतः ही अपने पंखो को छोड़ देता है, अतः मोर को बिना घात किए हुए व पूर्णतः अहिंसा के साथ ये पंख उपलब्ध हो जाते है। इसलिए इन मयूर पंखो से ही पिच्छिका का निर्माण किया जाता है।



नांदणी (महाराष्ट्र) 2024 चातुर्मास में चर्या शिरोमणी आचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज जी के सहित संघ उनके 25 शिष्य- श्रमण मुनि श्री सुव्रतसागर जी, श्रमण मुनि श्री अनुत्तरसागर जी, श्रमण मुनि श्री प्रणेय सागर जी, श्रमण मुनि श्री प्रणव सागर जी, श्रमण मुनि श्री सर्वार्थ सागर जी, श्रमण मुनि श्री साम्य सागर जी, श्रमण मुनि श्री संकल्प सागर जी, श्रमण मुनि श्री सद्भाव सागर जी, श्रमण मुनि श्री संजयंत सागर जी, श्रमण मुनि श्री यशोधर सागर जी, श्रमण मुनि श्री यत्न सागर जी, श्रमण मुनि श्री निर्ग्रन्थ सागर जी, श्रमण मुनि श्री निर्मोह सागर जी, श्रमण मुनि श्री निसंग सागर जी, श्रमण मुनि श्री निर्विकल्प सागर जी, श्रमण मुनि श्री जितेंद्र सागर जी, श्रमण मुनि श्री सुभग सागर जी, श्रमण मुनि श्री सिद्ध सागर जी, श्रमण मुनि श्री सिद्धार्थ सागर जी, श्रमण मुनि श्री सहर्ष सागर जी, श्रमण मुनि श्री सत्यार्थ सागर जी, श्रमण मुनि श्री सार्थक सागर जी, श्रमण मुनि श्री सार्थ सागर जी, श्रमण मुनि श्री समकित सागर जी, श्रमण मुनि श्री सम्यक सागर जी।

नवयुवाओं में धर्म के प्रति आस्था जागृत करने के लिए, बालकों में जैन संस्कारों के बीजारोपण के लिए, वर्तमान के हिंसात्मक वातावरण में अहिंसा के महत्व को दर्शाने के निमित्त से ही पिच्छिका परिवर्तन कार्यक्रम का आयोजन बड़े पैमाने पर किया जाता है। पिच्छी परिवर्तन समारोह के बाद चर्या शिरोमणी आचार्य श्री विशुद्ध सागर महाराज जी ससंघ का विहार हसन पंचकल्याणक महोत्सव के लिए कर्नाटक प्रांत में होगा। -**अभिषेक अशोक पाटील**

## डोर थामने वाले हाथ ही पतंग उड़ने की दिशा तय करते हैं : पूज्य मुनि श्री पूज्य सागर जी महाराज



**गौरेला (विश्व परिवार)।** संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के प्रभावक शिष्य पूज्य श्री पूज्य सागर महाराज ने कहा कि पतंग उड़ने उड़ानें की एक विधि होती है, पतंग को किस दिशा में जाना है, जिसके हाथ पतंग की डोर है उस पर निर्भर करता है।

मध्यप्रदेश के बुढ़ार नगर में पावस योग चातुर्मास व्यतीत कर रहे मुनि श्री पूज्य सागर महाराज ने गौरेला जैन समाज को संबोधित करते हुए कहा कि सर्वोदय तीर्थ अमरकंटक की समीपवर्ती समाज होने से गौरेला जैन समाज के कंधों पर बड़ा दायित्व है और उसे वे भली-भांति निभाते भी हैं। गौरेला जैन समाज से बड़ी संख्या में श्रावकों का समूह मुनि संघ से चातुर्मास पूर्ण होने के उपरांत गौरेला नगर पधारने का निवेदन करने बुढ़ार आये थे। महाराज जी ने कहा कि हम सबको भगवान महावीर के संदेश का पालन करते हुए संपूर्ण मानव समाज को जियो और जीने दो के सहअस्तित्व का बोध कराना है।यही वो प्रक्रिया है जिसमें शांति और सौहार्द स्थापित करने की शक्ति है।


महाराज जी ने कहा कि हमने आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के चरण सानिध्य में अमरकंटक और गौरेला पेण्ड्रा में प्रवास किया है।उनके वचनों को लिपिबद्ध करने में पत्रकार वेदचन्द जैन सतत संलग्न रहते थे। इनकी कलम के माध्यम से अनेक सज्जनों का नाम प्रकाशित होता था।मगर हमारे मुख से भी अनेक बार वेदचंद जी का नाम लिया गया है।

इसके पूर्व गौरेला नगर के पत्रकार वेदचन्द जैन ने कहा कि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज ने गौरेला नगर को सर्वोदय तीर्थ अमरकंटक के अभिनंदन द्वार का नाम भी दिया है और दायित्व भी दिया है। आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के द्वारा प्रदत्त इस दायित्व को पूर्ण करने में अतिथि की भी भूमिका है।हमारा काम अतिथि सत्कार का है किंतु अतिथि भी जब हमें इसका अवसर देंगें तब ही हम इसे निभा सकेगें।आज हम सब यहां विराजमान अतिथि मुनि संघ से गौरेला आगमन का निवेदन करते हुए आग्रह करने आये हैं कि हमें अतिथि सत्कार का अवसर प्रदान करें। -**वेदचन्द जैन**

## आज के युग में संगठन काम आयेगा संगठित होने की जरूरत है : मुनि पुंगव श्री सुधासागरजी महाराज

### मध्यप्रदेश जैन समाज का पहला सम्मेलन सागर में सम्पन्न

### प्रदेश भर के सामाजिक प्रतिनिधियों ने किया चिंतन



**सागर (विश्व परिवार)।** अब जुड़ने के अलावा कोई चारा नहीं है आज के युग में संगठन काम आयेगा सभी को संगठित होकर काम करने की आवश्यकता है पहले तो मैं आप लोगों की तरह ही सम्मेलन को सुन रहा था लेकिन आप लोगों के उत्साह को देखकर लगता है कि सभी कुछ करने के लिए संकल्प वंध है काम करने वाले कर्म शील को ही भगवन का आशिर्वाद प्राप्त होता हे संगठन मे संत वाद ओर पंथवाद नही होगा उक्त आश्य केउद्गार भाग्योदय तीर्थ सागर में मध्य प्रदेश जैन समाज के पहले अधिवेशन को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

इसके पहले सम्मेलन के शुभारंभ में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के चित्र का अनावरण आई ए एस शोभित जैन वीरेश दादा प्रमोद हिमासू भोपाल पारस जैन उज्जैन एस के जैन गुना सहित अन्य प्रमुख जनो ने किया वहीं दीप प्रज्जवलन सम्मेलन अध्यक्ष राकेश वावा सम्मेलन समन्वय विजय धुर्रा तीर्थ कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सुधीर सिंघई राकेश जैन एस डी ओ मोहित जैन तहसीलदार दमोह चातुर्मास कमेटी के अध्यक्ष सतेन्द्र जैन सद्दू स्वागध्यक्ष आशीष ने पटना महामंत्री राजकुमार मिनी संयोजक रिषभ वादरी सहित अन्य भक्तों ने किया।

सम्मेलन के पहले अधिवेशन समन्वय विजय धुर्रा ने कहा कि आज मध्यप्रदेश जैन समाज का पहला सम्मेलन होने जा रहा है सम्मेलन का कोई एजेंडा हमारे सामने नहीं आया हम सब परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज के दिशा निर्देश मार्ग दर्शन को लेकर आगे बढ़ने जा रहे हैं जिस तरह से पूरे प्रदेश से प्रतिनिधि उमड़े है उससे ये तय हो गया आज का दिन मध्यप्रदेश जैन समाज के लिए ऐतिहासिक है और पहले ही सम्मेलन से प्रदेश के साथ ही राष्ट्रीय संगठन निकलेगा।

तीर्थ क्षेत्र के राष्ट्रीय मंत्री वीरेश सेठ ने कहा कि वर्षो से तीर्थ क्षेत्र कमेटी सम्मेद शिखर गिरनार की लड़ाई लड़ रही है इसके साथ सामाजिक चिंतन की आवश्यकता है पूर्व अध्यक्ष सुधीर सिघई ने कहा कि मुनिपुगंव श्रीसुधासागरजी महाराज के सान्निध्य में पहली बार पूरे प्रदेश की जैन समाज एक साथ बैठकर आपके आशीर्वाद की प्रतीक्षा कर रही है तहसीलदार मोहित जैन ने कहा कि आज हमें मन्दिरो की सम्पत्तियो को रजिस्टेड ट्रस्टो में रखने की आवश्यकता है पारस जैन उज्जैन ने कहा कि सोशल मीडिया पर अनर्गल प्रलाप से समाज को वचाये जाना आवश्यक है।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए आई ए एस शोभित जैन ने कहा कि परम पूज्य मुनि पुगंव श्रीसुधासागरजी महाराज के सान्निध्य में हम सब बैठ कर कुछ करने जा रहे हैं पूज्य श्री का मार्गदर्शन ही संगठन का आधार होगा इस दौरान सम्मेलन संयोजक प्रमोद हिमासू अध्यक्ष राकेश वावा सहित अन्य लोगों ने भी संबोधित किया प्रारंभ में संयोजक चक्रेश सिंघई ने कहा कि आज जो सागर में होने जा रहा उसकी हमने कल्पना नहीं की थी एक एक लकड़ी को तो कोई भी तोड सकता है लेकिन जव वहीं गड्ठा वन जाता है तो उसे कोई नहीं तोड़ सकता अमित पंडरिया ने कहा कि पंडाल में बेटी जनता आस लगाए बैठी है कि आज कुछ तो ऐसा होने वाला जिसका सभी को इंतजार था इस दौरान विधायक श्री शैलेन्द्र जैन पूर्व विधायक सुनील जैन पूर्व विधायक श्री मति सुधा जैन धर्म सभा में विशेष रूप से उपस्थित रहीं ?वही कवि सौरव भंयकर ने अपनी कविताओं से श्रोताओं मंत्र मुग्ध कर दिया।

इस दौरान मुनि पुगंव श्री सुधा सागरजी महाराज ने कहा कि साधु के पास चिंतन मनन और सोच विचार मिलता है संत आशिर्वाद और मार्गदर्शन ही दे सकते है काम आपको करना होगा। अपेक्षा तो पुरी कर देगें पर आप मेरी उम्मीद को पुरा करेंगे काम कार्यकर्ता, को करना होगा आशिर्वाद हमारा है तो कोई भी काम असंभव नहीं हे मुनि श्री ने समाज के उत्साह उमंग की प्रशंसा करते हुऐ कहा कि कल्पना से ज्यादा उत्साह को दोनो हाथो से आशीष हैं उन्होंने ने कहा संगठन की अत्यधिक आवश्यकता है जैन दर्शन मे भगवन काम करने वालो को होशला और साहस देते है जिनवाणी के मंत्र हमे और आपको सिद्ध करना है -**विजय धुर्रा**

## चारों दादा गुरुदेव का महा पूजन सम्पन्न, 500 से अधिक जोड़ों ने लिया भाग

### इंदौर के अरविंद भाई ने करवा ए करवाई विधि विधान से पूजा अर्चना

**दुर्ग (विश्व परिवार)।** दादा गुरुदेव श्री जिनदत्तसूरि, मणिधारी दादा गुरुदेव श्री जिनचंद्रसूरि, दादा श्री जिनकुशलसुरि, दादा श्री जिनचंद्रसूरि जी महाराज का विधि विधान से पूजा हर्ष और उल्लास के वातावरण में महेश कॉलोनी स्थित सभागृह में साध्वी दर्शन प्रभा जी ज्ञान प्रभा जी एवं चरित्र प्रभा जी के सानिध्य में संपन्न हुई।



श्री आदिनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर ट्रस्ट एवं रत्नत्रयी चातुर्मास समिति दुर्ग के बैनर तले यह आध्यात्मिक भव्य आयोजन पूरे गरिमा में वातावरण में संपन्न हुआ। इस आयोजन में भाग लेने देश के विभिन्न शहरों से गुरु भक्त परिवार दुर्ग पहुंचे थे। इंदौर से आए विधि कारक अरविंद भाई ने विधि विधान से दादा गुरुदेव महापूजन का पूजा अर्चना संपन्न कराई। देश के ख्याति नाम भजन गायक लवेश हिमांशु बुरड़ की शानदार जोड़ी ने भक्ति गीतों का शानदार समा बांधा उनकी भक्ति गीतों में मंत्र मुक्त होकर भक्ति गीतों का आनंद लेते हुए झूम झूम कर भक्ति गीतों का आनंद लेते रहे। सुबह 12:00 से प्रारंभ हुई या आयोजन लगभग 5:30 घंटे तक चला रहा जिसमें 504 जोड़ों ने दादा गुरुदेव के इस पूजन में हिस्सा लिया यह जोड़ी पति-पत्नी के रूप में भाई-बहन के रूप में बहन-बहन के रूप में भाई भाई के रुप में इस आयोजन में हिस्सा बने। एक साथ 500 से अधिक जोड़े महिला वर्ग घाघरा ओढ़ना में तो पुरुष वर्ग पूजा का पारंपरिक परिधान धोती चोल दुपट्टा में इस आयोजन के आकर्षण का केंद्र थे सभी 500 से अधिक जोड़ों के पास दादा गुरुदेव की प्रतिमा तथा यज्ञ अनुष्ठान के लिए सामग्री साथ में वितरित की गई थी। -**नवीन संचेती**

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार

बस्तर संभाग

रायपुर सोमवार 14 अक्टूबर 2024



## संक्षिप्त समाचार

### ग्राम बेनकुरा के आश्रित ग्राम में,नल जल योजना ठप

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** जिला प्रशासन द्वारा लोगो की सुविधा के लिए राज्य शासन का महत्वपूर्ण योजना नल जल को लेकर काफी गंभीरता से कार्य कर रही है साथ ही समय सीमा और अन्य बैठको में जिला प्रशासन द्वारा सक्त निर्देश देते हुए इस कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं करने की चेतावनी भी दिया जाता है।लेकिन विभाग की गलती माने या पंचायत की लापरवाही की उस ग्राम में नल जल योजना तो पूर्ण हो गया है,लेकिन उसका फायदा ग्रामीणों को नही हो पा रहा है जिसके चलते उस ग्राम के निवासी पीने की पानी के साथ दैनिक उपयोग के लिए पानी के लिए परेशान है।गौरतलब है की केंद्र शासन और राज्य शासन के साथ जिला प्रशासन द्वारा हर घर के साथ हर व्यक्ति को भरपूर पानी देने के उद्देश्य से नलजल योजना लागू कर पंचायतों को कार्य और भरपूर राशि प्रदान कर रही है।लेकिन जिला मुख्यालय से लगभग 12 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत बेनकुर के आश्रित ग्राम बुटेंगा में दो वर्ष पूर्व नलजल योजना कार्य किया गया, जिसे पूरा होने के कुछ ही दिनों बाद उस ग्राम का नलजल योजना ठप पड़ गया,उस योजना के लिए बनाए गए पानी टंकी के नीचे हो पाइप को जोड़ने वाला टोटी टूट गया जिसे न ही पंचायत वाले सुधारे और न ही विभाग के लोग ही ध्यान दिए।इस समस्या के चलते उस ग्राम में निवास करने वाले 35 से 40 परिवार के लोगो को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है।वही ग्राम पंचायत के महिला सरपंच से पूछे जाने पर उन्होंने बताया की पंचायत द्वारा इसकी शिकायत विभाग में किया जा चुका है।जबकि पंचायत द्वारा लोगो की सुविधा को देखते तो थोड़े से राशि खर्च कर इस टोटी को सुधारकर उन ग्राम के निवासियों को पानी उपलब्ध कराया जा सकता है।साथ ही उसी पानी टंकी के समीप लगभग सात लाख की राशि खर्च कर लोगो के नृत कार्य के लिए तलाब गहरी करण का कार्य किया है लेकिन उक्त तलाब में घाट ( पचारी ) न बनने के चलते लोगो के लिए अनुपयोगी है।

### गांजा के साथ अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**सुकमा(विश्व परिवार)।** जिले के केरलापाल थाना पुलिस का गांजा तस्करों के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है. पुलिस ने महाराष्ट्र के बड़े शहरों में खपाने के लिए ले जाए जा रहे भारी मात्रा में गांजा पकड़ा है. इस कार्रवाई में पुलिस ने तस्करों के पास से 257.835 किलोग्राम गांजा बरामद किया है, जिसकी अनुमानित कीमत 25,78,350 रुपये है. इसके साथ ही 2 अंतर्राज्यीय तस्करों को भी गिरफ्तार किया है. बता दें, जिले की पुलिस लगातार तस्करी के खिलाफ अभियान चला रही है. इसी बीच पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ओडिशा से मादक पदार्थ का परिवहन किया जा रहा है. सूचना के आधार पर, 9 अक्टूबर 2024 को थाना केरलापाल के निरीक्षक गोविंद यादव के नेतृत्व में पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-30 पर नाकाबंदी की। चेकिंग के दौरान एक सफेद रंग की होण्डा सिटी कार (नंबर,क्क 05,त्र 0567) को रोका गया. कार की तलाशी लेने पर डिग्गी और सीट के नीचे से 67 पैकेट गांजा बरामद किया गया, जिसका वजन 257 किलोग्राम से अधिक था। जानकारी के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों के नाम सुनील रामजीयावन (25 वर्ष) और परकले करन (29 वर्ष) हैं और दोनों महाराष्ट्र के निवासी हैं. पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने यह मादक पदार्थ ओडिशा से खरीदकर महाराष्ट्र के बड़े शहरों में खपाने की योजना बनाई थी. वे ओडिशा के मल्कानगिरी से गांजा लेकर तेलंगाना होते हुए महाराष्ट्र के बड़े शहरों में खपाने लेकर जा रहे थे. पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ थाना केरलापाल में एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(ख) के तहत मामला दर्ज किया है और न्यायालय में पेश करने की तैयारी है।

### लापरवाह पंचायत सचिव डिमरापाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित

**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** जनपद पंचायत बकावण्ड के अन्तर्गत ग्राम पंचायत डिमरापाल के सचिव गनपत नागेश को कर्तव्य में लापरवाही बरतने के कारण सीइओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे ने तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। उन्होंने सीईओ जनपद पंचायत बकावण्ड से प्राप्त जांच प्रतिवेदन के अनुसार सचिव नागेश के द्वारा स्थानीय संपरीक्षा से आडिट नहीं कराने, त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन हेतु मतदाता सूची तैयार/पुनरीक्षण कार्य नहीं कराए जाने, मूलभूत योजना एवं 15वें वित्त आयोग की राशि का गबन किए जाने सहित विगत 08 माह में मात्र 04 से 05 दिवस ही ग्राम पंचायत में उपस्थित रहने एवं योजनाओं से संबंधित जानकारी पूछने पर अभद्र व्यवहार किए जाने के कारण और उच्चाधिकारी के आदेश निर्देशों की अवहेलना अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में उदासीनता, लापरवाही बरतने तथा छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 72 के तहत ग्राम पंचायत सचिव के विहित कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन नहीं करने के चलते तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

# कन्हारपुरी में आयोजित देव दशहरा में शामिल हुए मंत्री रामविचार नेताम और केदार कश्यप

**कहा- केन्द्र और राज्य सरकार आदिवासी विकास के लिए हमेशा तत्पर**

**कांकेर(विश्व परिवार)।** कांकेर विकासखण्ड के ग्राम कन्हारपुरी में स्वर्गीय रामप्रसाद पोटाई की स्मृति में देव दशहरा एवं क्रीड़ा प्रतियोगिता का तीन दिवसीय आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न आदिवासी समाज के देवी-देवताओं की पारम्परिक पूजन पद्धति, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित की गई। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रदेश के आदिम जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश के वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, संसदीय



कार्य, कौशल विकास तथा सहकारिता मंत्री केदार कश्यप उपस्थित थे। ग्राम कन्हारपुरी के स्कूल परिसर में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन उपस्थित आदिवासी समाज के जनसमूह को संबोधित करते हुए केबिनेट मंत्री श्री नेताम ने कहा कि केन्द्र में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और राज्य में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की सरकार आदिवासियों के विकास और हितों की रक्षा के लिए अनेक योजनाएं लागू की हैं। किसानों के लिए 3100 रूपए में धान की खरीदी, महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना, तेंदूपत्ता संग्राहक योजना जैसी अनेक अभूतपूर्व योजनाएं हैं जिनसे आदिवासी समाज प्रगति की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि विशेष पिछड़ी जनजाति के शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना एवं अन्य सुविधाएं विकसित करने केन्द्र सरकार पीएम जनमन योजना चला रही है। सभी वर्ग को आगे बढ़ने के समान अवसर मिले, इसके लिए भी सरकार लगातार काम कर ही है। इस दौरान उन्होंने देव दशहरा की परम्परा को आगे भी बढ़ाने के उद्देश्य से 10 लाख रूपए की राशि प्रदाय करने की घोषणा भी की। वन मंत्री श्री कश्यप ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदेश के मुखिया श्री विष्णुदेव साय चूंकि आदिवासी समाज से हैं, इसलिए वह लोगों की पीड़ा को बेहतर ढंग से समझते हैं। शासन की सभी योजनाएं आमजनता के कल्याण के लिए होती हैं अत: इनका लाभ अवश्य लें। केबिनेट मंत्री श्री कश्यप ने सामाजिक जनों को संबोधित करते हुए आगे कहा कि आदिवासी समाज के पुरोधा जिस संस्कृति को बचाने हेतु लम्बी लड़ाई लड़ी, उस परम्परा को बचाए रखना, संरक्षित करना हम सभी जिम्मेदारी है।

## विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर 110 बंदियों और स्टाफ को मानसिक स्वास्थ्य का दिया गया प्रशिक्षण

**महासमुंद(विश्व परिवार)।** शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय महासमुन्द के संबद्ध जिला चिकित्सालय में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर 7 से 11 अक्टूबर तक मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना और मानसिक रोगियों को सहायता प्रदान करना है। डॉ. रेणुका गाहिने, अधिष्ठाता शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय महासमुन्द, डॉ. पी. कुदेशिया, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी व अस्पताल अधीक्षक डॉ. बसंत माहेश्वरी, जिला कार्यक्रम अधिकारी नीलू घृतलहरे के आदेशानुसार एवं जिला नोडल अधिकारी डॉ. छत्रपाल चन्द्राकर,




डॉ. घनश्याम साहू सहायक अस्पताल अधीक्षक के समन्वय से अभियान के दौरान जिला जेल महासमुंद में 110 बंदियों और स्टाफ को मानसिक स्वास्थ्य प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही स्पर्श क्लीनिक (कक्ष क्रमांक-64) में 51 मरीजों को नि:शुल्क दवाइयाँ और मनो-सामाजिक परामर्श प्रदान किया गया। कार्यशाला में मानसिक रोग के लक्षणों की पहचान, तनाव प्रबंधन और आत्महत्या रोकथाम जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। बंदियों और स्टाफ को मानसिक रोग के लक्षणों की जानकारी दी गई, जिनमें सोचने-समझने में कठिनाई, आदतों में परिवर्तन, आत्महत्या के विचार आना, शराब या तम्बाकू का अत्यधिक सेवन, और सामाजिक मेलजोल में बदलाव शामिल हैं।

## गांव का सरपंच लापता, ग्रामीणों ने पोस्टर लेकर शुरू की खोज

**कांकेर(विश्व परिवार)।** जिले के पखांजूर क्षेत्र के आदर्श ग्राम कापसी में सरपंच की लापरवाही और गंदगी से परेशान ग्रामीणों ने अनोखा तरीका अपनाते हुए उसे खोजने का अभियान छेड़ दिया है। गांव के एक निवासी ने सरपंच की गुमशुदगी के पोस्टर छपवाकर मंदिर जाकर भगवान से सरपंच को ढूंढ़ने की गुहार लगाई। गांव के संजय पोदार ने बताया कि पिछले चार महीनों से गांव में गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिससे ग्रामीण बेहद परेशान हैं। उन्होंने बताया कि गांव में स्वच्छता को लेकर सरपंच सुखदेव पटेल से कई बार आवेदन देकर सफाई करवाने की मांग की गई थी, लेकिन सरपंच ने कोई कार्रवाई नहीं की। संजय पोदार ने बताया, सरपंच न तो पंचायत भवन में मिलते हैं और न ही गांव की समस्याओं पर ध्यान देते हैं। अब भगवान से प्रार्थना है कि वह सरपंच को सद्बुद्धि दें और उन्हें खोजने में हमारी मदद करें। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि 30 लोगों के हस्ताक्षर वाला आवेदन सरपंच को पहले ही दिया जा चुका है, लेकिन चार महीने बाद भी कोई सुधार नहीं हुआ है। गांव में लगातार बढ़ती गंदगी के कारण दुर्गंध और बीमारी फैलने का खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों की इस अनोखी पहल ने प्रशासन का ध्यान भी इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित किया है। अब देखना होगा कि सरपंच कब सामने आते हैं और कब गांव की स्वच्छता की स्थिति में सुधार होता है।

## सुकमा में आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया तेज

**राशन वितरण केंद्रों पर बनाए जा रहे आयुष्मान कार्ड**

**सुकमा(विश्व परिवार)।** जिले के नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाओं का व्यापक लाभ दिलाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार, सुकमा जिले के विभिन्न राशन वितरण केंद्रों पर आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं, जिससे लोगों को शासन की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सके। इस क्रम में विकासखंड स्तर पर भी यह प्रक्रिया तेजी से चल रही है। मंगलवार को विकासखंड सुकमा में 34, विकासखंड छिंदगढ़ में 177 और विकासखंड कोंटा में 46 कार्ड कुल 257 आयुष्मान कार्ड पंजीयन किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कपिल कश्यप ने बताया कि आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए हितग्राही को अपने आधार कार्ड के साथ ही राशन कार्ड में नाम होना आवश्यक है। इन दस्तावेजों के आधार पर जिले में



प्रतिदिन आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे इस योजना का लाभ उठाने के लिए अपने नजदीकी राशन दुकान केन्द्रों पर जाकर आवश्यक दस्तावेज जमा कर आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाएं।

## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं अंतर्गत हुआ अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस सप्ताह का आयोजन

**बीजापुर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में जिले में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस सप्ताह का आयोजन 2 अक्टुबर से करते हुए पूरे 13 अक्टुबर तक पखवाड़े का आयेजन किया जा रहा है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं अभियान के अंतर्गत जिले में लडकियों की सुरक्षा करना, भ्रुणहत्या, कन्या शिशु हत्या जैसे अमानवीय कृत्यों के प्रति जागरूक करना, महिला शिक्षा का बढ़ावा देना, लैगिग पूर्वाग्रह के खिलाफ जागरूकता फैलाना, लडकियों के लिए कल्याणकारी सेवाओं को बेहतर बनाना, शिशु लिंगानुपात में कमी को रोकना, महिलाओं के सशक्तिकरण मुद्दों के प्रति जागरूक करना, माहवारी स्वच्छता प्रबंधन के प्रति जागरूकता, पोषण के महत्व एवं सही पोषण की जानकारी देते हुए एनीमिया से कैसे बचाव किया जा सकता है इसकी भी जानकारी दिया जा रहा है। इस दौरान स्कूल आश्रम के बच्चों एवं ग्राम पंचायतो में महिलाओं एवं किशोरियों को महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित कानूनी अधिकारों से जागरूक करने हेतु भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम, कार्य स्थल पर यौन प्रतिषेध नियम, टोन्ही प्रताड़ना अधिनियम, लैंगिंक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, चाईल्ड हेल्पलाईन नम्बर 1098, महिला हेल्पलाईन 181 के बारे में जानकारी देने के साथ ही बालिकाओ को शिक्षा, पोषण, चिक्तिसा देखभाल, भेदभाव, हिंसा एवं बाल विवाह से सुरक्षा में आने वाली असमानताओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

# जिले के दूरस्थ अंचल का दौरा कर कलेक्टर ने निर्माण कार्यों का लिया जायजा

**कलेक्टर व एसपी ने बस्तर ओलंपिक में अधिक से अधिक सहभागिता की अपील**

**कोंडागांव(विश्व परिवार)।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज जिले के दूरस्थ अंचलों का सघन दौरा कर विभिन्न निर्माण कार्यों का जायजा लिया और अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। निरीक्षण के क्रम में कलेक्टर ने सबसे पहले केशकाल विकासखंड अंतर्गत ग्राम कोनगुड़ में सेजेस विद्यालय परिसर में बने नवीन छात्रावास भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने इस छात्रावास के कक्षों का निरीक्षण कर शौचालय, पेयजल एवं अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली और सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी तरह ग्राम होनहेड़ में




नवीन प्री मैट्रिक बालक छात्रावास और ग्राम खाले मुरवेंड में नवीन बालक एवं बालिका छात्रावास का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली और मुख्य मार्ग से हॉस्टल तक सीसी रोड निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कर 10 दिवस के भीतर पूर्ण करने के निर्देश संबंधित ठेकेदार को दिए। कलेक्टर ने उक्त सभी छात्रावासों के बचे हुए कार्यों को शीघ्र शुरू कराने के निर्देश सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को दिए। इसके अलावा कलेक्टर ने ग्राम होनहेड़ से मातेंगा तक लगभग 14 किलोमीटर निर्माणाधीन सड़क का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित ठेकेदार को सड़क निर्माण का कार्य दिसंबर माह तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर दुदावत और पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने इस दौरान ग्राम होनहेड़ पहुंचकर बस्तर ओलंपिक के लिए आयोजित पंजीयन शिविर में शामिल हुए। शिविर को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने उपस्थित ग्रामीणों से कहा कि बस्तर क्षेत्र के खेल प्रतिभा को निखारने और खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बस्तर ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बस्तर ओलंपिक में शामिल होने के लिए युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा बस्तर ओलंपिक में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को खेल सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। उक्त आयोजन में भाग लेने के लिए पंजीयन की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने ग्रामीणजनों से अपील करते हुए कहा कि आयोजन में शामिल होने के लिए अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन कराएं और अपनी सहभागिता दें। पुलिस अधीक्षक ने भी ग्रामीणजनों को बस्तर ओलंपिक में उत्साह के साथ आगे बढ़कर शामिल होने का आग्रह किया। शिविर में खेल विभाग द्वारा बस्तर ओलंपिक के बारे में विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को दी गई। बस्तर ओलंपिक के लिए आयोजित पंजीयन शिविर में कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं एसपी अक्षय कुमार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत हितग्राहियों को आवास पूर्णता प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया। साथ ही गांव के युवाओं को खेल सामग्री का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ अविनाश भोई, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल, एसडीएम केशकाल अंकित चौहान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## व्यापार समाचार

### तेजी से डिजिटल हो रहा भारत, दो वर्षों में बदली देश की तस्वीर : सर्वेक्षण

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** मोबाइल टेलीफोन की कम दरें (लो-कॉस्ट मोबाइल टेलीफोनी) भारत को डिजिटल बनाने की राह पर लाने में मददगार रही हैं। वर्ष 2022-23 में 15 वर्ष से ज्यादा उम्र के 85 प्रतिशत लोग मोबाइल फोन कनेक्शन का इस्तेमाल कर रहे थे। मोबाइल फोन इस्तेमाल करने वालों का यह आंकड़ा ठीक दो वर्ष पहले 2022-21 में 70.2 प्रतिशत था। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा रिलीज किए गए एक सर्वेक्षण से यह जानकारी सामने आई है। भारत में इंटरनेट का इस्तेमाल करने वालों की संख्या में भी दो वर्षों में काफी सुधार देखा गया है। सर्वेक्षण में सामने आई जानकारी बताती है कि 2020-21 में इंटरनेट का इस्तेमाल करने वालों का आंकड़ा 41.8 प्रतिशत था। वहीं, 2022-23 में यह बढ़कर 59.8 प्रतिशत हो गया। इनमें 15-29 आयु वर्ग के लोग 84.2 प्रतिशत से भी ज्यादा हैं। सर्वेक्षण में सामने आई जानकारी के अनुसार, 15 वर्ष से अधिक उम्र की 78.7 प्रतिशत महिलाएं एक्टिव मोबाइल कनेक्शन का इस्तेमाल कर रही हैं। ठीक दो वर्ष पहले इस उम्र वर्ग की केवल 56.7 प्रतिशत महिलाएं ही मोबाइल फोन का इस्तेमाल कर पा रही थी। वहीं, 2020-21 में 83.2 प्रतिशत पुरुष ही मोबाइल फोन का इस्तेमाल कर पा रहे थे। ठीक दो वर्ष बाद 2022-23 में मोबाइल फोन इस्तेमाल करने वाले पुरुषों का यह आंकड़ा 91.4 प्रतिशत पहुंच गया। इस नए सर्वेक्षण के अनुसार, हर 5 में से 2 व्यक्ति बैंकिंग लेन-देन करने में सक्षम है। वहीं, 43.4 प्रतिशत लोग अपने मोबाइल फोन का इस्तेमाल ईमेल भेजने में कर सकते हैं। सर्वेक्षण में सामने आई जानकारी के अनुसार, लगभग 94 प्रतिशत आबादी के पास उनके निवास स्थान से दो किलोमीटर के भीतर बारहमासी सड़कों तक पहुंच थी और शहरी क्षेत्रों में 93.7 प्रतिशत लोगों के पास 500 मीटर के भीतर परिवहन सेवा उपलब्ध थी। स्वच्छता और पेयजल की उपलब्धता में दो वर्ष पहले की तुलना में सुधार हुआ है और यह लगभग पूर्ण हो गई है। शहरी क्षेत्रों में जेब से किया जाने वाला खर्च घटकर 1,446 रुपये और ग्रामीण क्षेत्रों में 950 रुपये रह गया, जिससे स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच में भी सुधार का संकेत मिलता है।

### दिवाली पास आते ही चढ़ गये सोने के तेवर, कीमतों में भारी उछाल, चांदी में भी तेजी

**मुंबई( एजेंसी )।** फेस्टिव सीजन में डिमांड बढ़ने का असर सोने-चांदी की कीमतों पर भी दिख रहा है। इन कीमती धातुओं के भाव शुक्रवार सुबह बढ़त के साथ ट्रेड करते दिखे हैं। घरेलू वायदा बाजार में भी आज सोने-चांदी की कीमतें हरे निशान पर खुलीं। एमसीएक्स एक्सचेंज पर शुक्रवार सुबह 5 दिसंबर 2024 की डिलीवरी वाला सोना 0.71 फीसदी या 531 रुपये की बढ़त के साथ 75828 रुपये प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड करता दिखाई दिया। वैश्विक स्तर पर भी सोने-चांदी की कीमतों में आज अच्छी-खासी तेजी देखने को मिली। सोने के साथ ही चांदी की घरेलू वायदा कीमतों में भी शुक्रवार सुबह अच्छी-खासी तेजी देखने को मिली है। एमसीएक्स एक्सचेंज पर 5 दिसंबर 2024 की डिलीवरी वाली चांदी शुरुआती कारोबार में 0.87 फीसदी या 786 रुपये की बढ़त के साथ 91090 रुपये प्रति किलोग्राम पर ट्रेड करती दिखाई दी। सोने के साथ ही चांदी की वैश्विक कीमतों में भी उछाल देखने को मिला है। वैश्विक बाजार में कॉमेक्स पर सोने की कीमतों में तेजी देखने को मिली है। यह 0.87 फीसदी या 22.90 डॉलर की उछाल के साथ 2662.20 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखा। वहीं, सोने का वैश्विक हाजिर भाव इस समय 0.61 फीसदी या 15.96 डॉलर की बढ़त के साथ 2645.70 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखा। शुक्रवार सुबह चांदी की वैश्विक कीमतों में तेजी देखने को मिली। कॉमेक्स पर चांदी का भाव शुक्रवार सुबह 0.98 फीसदी या 0.31 डॉलर की बढ़त के साथ 31.55 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखा। वहीं, सिल्वर स्पॉट 0.56 फीसदी या 0.17 डॉलर की बढ़त के साथ 31.34 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखा।

### 2028 तक कार उत्पादन क्षमता बढ़ाकर 11 लाख यूनिट्स करेगी हुंडई इंडिया

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** हुंडई इंडिया की ओर से ऐलान किया गया है कि कंपनी की योजना 2028 तक अपनी कार उत्पादन क्षमता को 30 प्रतिशत बढ़ाकर 11 लाख यूनिट्स करने की है, जो कि फिलहाल 8,24,000 है। कंपनी इसके लिए पुणे यूनिट में 6,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इसके साथ पुणे में एक नया कार उत्पादन प्लांट भी लगाया जाएगा। कंपनी के अधिकारियों ने कहा कि इससे कंपनी की वॉल्यूम में इजाफा होगा और घरेलू एवं निर्यात बाजार में हिस्सेदारी बढ़ाने में मदद मिलेगी। हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) के आईपीओ के लिए बुलाई गई प्रेस वार्ता के दौरान कंपनी ने सीईओ किम उन्सू ने कहा कि 2023 से 2032 के दौरान एचएमआईएल की ओर से भारत में 32,000 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। कंपनी इस दौरान इलेक्ट्रिक वाहन सेगमेंट में अपनी क्षमता बढ़ाने और प्रीमियम उत्पादों पर ध्यान देगी। भारत में कंपनी के लिए एसयूवी सेगमेंट में काफी अवसर हैं। कंपनी ने कहा कि हमारे पास वैश्विक बाजारों में बहुत मजबूत अनुभव था, इसलिए हम वास्तव में यह पहचानने में सक्षम हुए कि एसयूवी के लिए भारतीय बाजार में बड़ी संभावनाएं हो सकती हैं और आप देख सकते हैं कि एसयूवी सेगमेंट बीते कुछ वर्षों में कितना बढ़ गया है। जानकारी के मुताबिक, हुंडई की ओर से भारत में ऑपरेशन क्षमता बढ़ाने के साथ नई एडवांस टेक्नोलॉजी और आरएंडडी में निवेश किया जाएगा। हुंडई मोटर इंडिया, भारतीय शेयर बाजार में आईपीओ लाने जा रही है। यह 15 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक आम निवेशकों के लिए खुलेगा। इसका प्राइस बैंड 1,865 रुपये से लेकर 1,960 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। यात्री वाहन सेगमेंट में मार्केट शेयर के हिसाब से हुंडई मोटर इंडिया, भारत की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी है। ग्रैंड आई10, एनआईओएस, आई20, आई20 एन लाइन, ऑरा, एलांट्रा, वेन्यू, वेन्यू एन लाइन, वेरना, क्रेटा, क्रेटा एन लाइन, अल्काजार, टक्सन और ऑल-इलेक्ट्रिक एसयूवी आईओएनआईक्यू 5 कंपनी के प्रमुख मॉडल हैं।

## पाकिस्तान की हार से निराश कप्तान शान मसूद ने कहा, हमें 20 विकेट लेना सीखना होगा



**मुल्तान(एजेंसी)।** पाकिस्तान के कप्तान शान मसूद टेस्ट सीरीज के पहले मैच में इंग्लैंड के हाथों पारी और 47 रन से हारने के बाद निराश दिखे। उन्होंने कहा कि मेजबान टीम को यह सीखने की जरूरत है कि पांच दिनों के खेल में 20 विकेट कैसे लिए जाएं। पाकिस्तान के लिए यह हार किसी बुरे सपने की तरह है, क्योंकि टॉस जीतकर इस टीम ने पहली पारी में शानदार बल्लेबाजी की और 500 से ज्यादा का स्कोर खड़ा किया। पाकिस्तान, टेस्ट इतिहास की पहली टीम बन गई है जो अपनी पहली पारी में 500 से ज्यादा रन बनाने के बाद पारी से हार गई। आम तौर पर यहां से मुकाबला या तो पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम जीत जाती है, या फिर नतीजा ड्रॉ रहता है। मैच के बाद मसूद ने कहा, जब आप बोर्ड पर 556 रन बनाते हैं, तो 10 विकेट लेकर उसे और मजबूत करना और खेल को अपने पक्ष में बनाए रखना बहुत जरूरी होता है लेकिन हमने ऐसा नहीं किया। एक टीम के तौर पर हमें दूसरी पारी की बल्लेबाजी में सुधार करना होगा। सबसे महत्वपूर्ण बात, जैसा कि मैंने पहले भी कहा कि हमें 20 विकेट लेना सीखना होगा। आगे बढ़ने के लिए हमारे सामने यह सबसे बड़ी चुनौती है। पाकिस्तान अब तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से पीछे है और दूसरा टेस्ट 15 अक्टूबर से मुल्तान में शुरू हो रहा है। घरेलू मैदान पर लंबे प्रारूप में उनका खराब प्रदर्शन लगातार और निचले स्तर पर जा रहा है। हालांकि, मसूद ने वादा किया कि वह पाकिस्तान के लिए बदलाव की पटकथा लिखने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा देंगे। उन्होंने कहा, दूसरे टेस्ट के लिए जल्दी वापसी हमारे लिए फायदेमंद हो सकती है और हम इसके लिए उत्सुक हैं। मैं कभी भी जिम्मेदारी से पीछे हटने की कोशिश नहीं करता। दुख इस बात का है कि हमें वह परिणाम नहीं मिल रहे हैं जिसका पाकिस्तान क्रिकेट हकदार है। हम सभी कड़ी मेहनत कर रहे हैं, हम अपना सर्वश्रेष्ठ देने जा रहे हैं और इस स्थिति को बदलने की पूरी कोशिश करेंगे।

## जो रूट ने लारा समेत 6 बल्लेबाजों का रिकॉर्ड किया ध्वस्त, फैब 4 में विराट कोहली से आगे निकले



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट में इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने जो रूट और हैरी ब्रूक की खतरनाक बल्लेबाजी की। इसी बल्लेबाजी के दम पर दोनों ने पाकिस्तान को 3 मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में पारी और 47 रन से हरा दिया। इसी के साथ मुल्तान में पाकिस्तान को हराकर इंग्लैंड ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। इस मैच में जो रूट ने 262 रन की पारी जबकि हैरी ब्रूक ने उनका भरपूर साथ निभाया और 317 रन की पारी खेली। जो रूट ने 262 रन की पारी के दम पर ब्रायन लारा समेत 6 खिलाड़ियों का रिकॉर्ड एक साथ तोड़ दिया जबकि फैब फोर में विराट कोहली के इस रिकॉर्ड को भी तोड़ डाला। पाकिस्तान के खिलाफरूट ने 262 रन की पारी खेली और ये टेस्ट क्रिकेट में उनका बेस्ट स्कोर रहा साथ ही टेस्ट प्रारूप में ये उनका छठा दोहरा शतक भी था। रूट ने 6 दोहरे शतक में तीसरी बार एशियाई धरती पर दोहरा शतक लगाने का कमाल किया और लारा समेत 6 खिलाड़ियों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। जो रूट अब एशियाई धरती पर टेस्ट में सबसे ज्यादा दोहरा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। रूट ने एशियाई धरती पर बतौर विदेशी बल्लेबाज तीसरा दोहरा शतक लगाया और ब्रायन लारा, रोहन कन्हाई, स्टीफन फ्लेमिंग, एबी डिविलियर्स, ग्रीम स्मिथ और ब्रैंडन मैकुलम को पीछे छोड़ दिया।


## टीम इंडिया के बाद अब मुंबई के लिए धमाल मचाएंगे सूर्यकुमार यादव

**सामने आयी बड़ी जानकारी**



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** भारतीय क्रिकेट टीम के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव को लेकर एक अहम जानकारी सामने आई है. वे आने वाले रणजी ट्रॉफी सीजन में मुंबई के लिए खेल सकते हैं. एक रिपोर्ट के मुताबिक सूर्या सिलेक्शन के लिए उपलब्ध रहेंगे. मुंबई और महाराष्ट्र के बीच 18 अक्टूबर से मैच खेला जाना है. सूर्या इस मुकाबले के लिए मैदान पर उतर सकते हैं. वे फिलहाल भारत और बांग्लादेश के बीच खेली जा रही टी20 सीरीज का हिस्सा हैं. सूर्या ने इस सीरीज के पहले मैच में विस्फोटक प्रदर्शन किया था. रिपोर्ट के मुताबिक सूर्या मुंबई के लिए उपलब्ध रहेंगे. उन्होंने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन को बताया है कि वे रणजी ट्रॉफी के सिलेक्शन के लिए उपलब्ध रहेंगे. मुंबई सेकेंड राउंड लीग मुकाबले के लिए 18 अक्टूबर को मैदान पर उतरेगी. सूर्या इससे पहले ही फ्री हो जाएंगे. वे अभी भारत-बांग्लादेश टी20 सीरीज का हिस्सा हैं. इस सीरीज का आखिरी मैच 12 अक्टूबर को हैदराबाद में खेला जाएगा. भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ मौजूदा सीरीज के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ मैदान पर उतरेगी. भारत और न्यूजीलैंड के बीच 16 अक्तूबर से टेस्ट सीरीज खेली जाएगी. इसका पहला मैच बैंगलोर में आयोजित होगा. सूर्या को इस सीरीज के लिए टीम इंडिया में जगह मिलने की संभावना कम है. उनके सिलेक्शन को देखकर कहा जा सकता है कि फिलहाल सिलेक्टर्स सूर्या को टी20 स्पेशलिस्ट के रूप में देख रहे हैं.

## 15-25 वर्ष की आयु के 82 प्रतिशत ग्रामीण युवा इंटरनेट का करते हैं इस्तेमाल : सर्वे



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** एक सरकारी सर्वेक्षण से पता चला है कि ग्रामीण क्षेत्रों में 15 से 25 वर्ष की आयु के 82 प्रतिशत से अधिक युवा इंटरनेट का उपयोग करते हैं। वहीं, शहरी क्षेत्रों में यह आंकड़ा लगभग 92 प्रतिशत है। इसमें यह भी पाया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में 15-24 वर्ष की आयु के 95.7 प्रतिशत लोग मोबाइल फोन का उपयोग करते हैं, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह आंकड़ा 97 प्रतिशत से थोड़ा कम है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने जुलाई 2022 से जून 2023 तक आयोजित एक व्यापक वार्षिक मॉड्यूलर सर्वेक्षण (सीएएमएस) के प्रमुख निष्कर्ष जारी किए। यह नेशनल सैंपल सर्वे (एनएसएस) के 79वें दौर का हिस्सा है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है, ग्रामीण क्षेत्रों में 15-24 वर्ष आयु वर्ग के 82.1 प्रतिशत युवा इंटरनेट का उपयोग कर सकते हैं, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह आंकड़ा 91.8 प्रतिशत है। सर्वेक्षण से पता चलता है कि 15-24 वर्ष आयु वर्ग के 78.4 प्रतिशत युवा अटैच फाइल के साथ मैसेज सेंड कर सकते हैं। वहीं, 71.2 प्रतिशत युवा कॉपी-पेस्ट टूल्स का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके अलावा, 26.8 प्रतिशत युवा एडवांस टास्क जैसे मेल भेजने, जानकारियों को खोजने और ऑनलाइन बैंकिंग जैसे कामों को करने में सक्षम हैं। सर्वेक्षण से सामने आई जानकारी के मुताबिक, 95.1 प्रतिशत लोग टेलीफोन या मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में 94.2 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 97.1 प्रतिशत लोग मोबाइल फोन रखते हैं। सर्वेक्षण के अनुसार, कंप्यूटर (डेस्कटॉप, पीसी, लैपटॉप) का इस्तेमाल 9.9 प्रतिशत लोग करते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में 4.2 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 21.6 प्रतिशत लोग कंप्यूटर का इस्तेमाल करते हैं। सर्वेक्षण से अन्य प्रमुख निष्कर्षों के अलावा यह भी पता चला कि 15-24 वर्ष की आयु के 96.9 प्रतिशत व्यक्ति सरल कथनों को समझ कर पढ़ने और लिखने में सक्षम हैं तथा सरल अंकगणितीय गणनाएं करने में भी सक्षम हैं।

### रूट के साथ रिकॉर्ड पार्टनरशिप पर हैरी ब्रूक ने क्या कहा?

**मुल्तान( एजेंसी )।** पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज के पहले मैच में हैरी ब्रूक और जो रूट के बीच रिकॉर्ड साझेदारी हुई। इसी के दम पर इंग्लिश टीम ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई। इस रिकॉर्ड स्टैंड पर ब्रूक ने कहा कि उनका लक्ष्य जितना संभव हो सके उतनी देर तक बल्लेबाजी करना था। मुल्तान क्रिकेट स्टेडियम में इंग्लैंड ने पाकिस्तान को पारी और 47 रनों से हराया, जिसमें रूट-ब्रूक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। जो रूट के साथ रिकॉर्ड 454 रनों की साझेदारी के दौरान हैरी ब्रूक ने अपनी मानसिकता के बारे में बताया। रूट और ब्रूक की 454 रनों की विशाल साझेदारी टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड के लिए सर्वोच्च साझेदारी है, जिसने 1957 में वेस्टइंडीज के खिलाफ पीटर मे और कोलिन काउड्रे के बीच 411 रनों की साझेदारी को पीछे छोड़ दिया। रिकॉर्ड साझेदारी की बदौलत इंग्लैंड ने 823/7 के स्कोर पर पारी घोषित की, जिसके बाद मेहमान टीम ने पांचवें दिन पाकिस्तान को 220 रनों पर आउट कर बड़ी जीत हासिल की। ब्रूक ने प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिलने के बाद कहा, मैंने इसका भरपूर आनंद लिया। गर्मी के कारण यह कठिन था, लेकिन रूट के साथ साझेदारी करना अच्छा था। हम बस जितना संभव हो सके बल्लेबाजी करना चाहते थे और अधिक से अधिक रन स्कोर बोर्ड पर जोड़ना चाहते थे। यह एक अच्छी पिच थी जिसका फायदा उठाया जा सकता था और उम्मीद है कि हम आगे और भी अधिक रन बनाएंगे। स्टैंड-इन कप्तान ओली पोप ने पाकिस्तान को पहली पारी में 556 रन के जवाब में विशाल स्कोर बनाने के लिए अपने बल्लेबाजों की सराहना की। साथ ही उन्होंने अपने गेंदबाजों की भी सराहना की, उन्होंने पहली पारी में पाकिस्तान के बल्लेबाजों का दबाव जरूर झेला लेकिन दूसरी पारी में शानदार कमबैक किया।

### शब्द सामर्थ्य -205

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**
1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**
1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | ■ | 3 | | 4 | 5 |
| | ■ | | ■ | ■ | ■ | ■ | 6 | |
| ■ | 7 | | 8 | ■ | 9 | | | |
| ■ | ■ | 10 | | 11 | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | ■ | ■ | 13 | | | ■ | 14 | 15 |
| 16 | 17 | ■ | ■ | | ■ | 18 | | |
| 19 | | 20 | | | ■ | | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | 21 | | | |
| ■ | 22 | | | | | ■ | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 204 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | ■ | स | पू | त |
| ल | ■ | ब | ल | वा | न | ■ | ■ | द |
| म | ह | क | ■ | खा | म | खां | ■ | बी |
| ग्न | ■ | त | ल | ना | ■ | स | फ | र |
| ■ | म | रा | ■ | ■ | ■ | ना | टा | ■ |
| ■ | हि | ■ | स | ■ | ■ | ■ | फ | न |
| ■ | ला | ज | वा | ब | ■ | म | ट | र |
| मां | ■ | ग | ■ | सं | त | ति | ■ | भ |
| ■ | मा | त | ह | त | ■ | ■ | प | क्षी |

### श्रीराम फाइनेंस ने छत्तीसगढ़ में अपना अभिनव टू-व्हीलर लोन समाधान - टू-व्हीलर लोन एलिजिबिलिटी वाउचर लॉन्च किया

**बिलासपुर:** श्रीराम समूह की प्रमुख कंपनी श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड ने आज टू-व्हीलर लोन एलिजिबिलिटी वाउचर लॉन्च करने की घोषणा की, जो इस त्योहारी सीजन में अपने सपनों का टू-व्हीलर खरीदने के इच्छुक ग्राहकों के लिए एक अभिनव और अपनी तरह का पहला टू-व्हीलर लोन समाधान है। श्री. वाई एस चक्रवर्ती, एमडी व सीईओ, श्रीराम फाइनेंस ने इस पर टिप्पणी करते हुए कहा, हमें टू-व्हीलर लोन एलिजिबिलिटी वाउचर पेश करते हुए गर्व हो रहा है, जो इस त्यौहारी सीजन में अपने टू-व्हीलर खरीदने का इरादा रखने वाले सभी ग्राहकों के लिए अपनी तरह की पहली पहल है। श्रीराम फाइनेंस छत्तीसगढ़ में सबसे बड़े टू-व्हीलर फाइनेंसरों में से एक है और यह पहल छत्तीसगढ़ में हमारी स्थिति को मजबूत करने और बढ़ाने में मदद करेगी। श्री. चक्रवर्ती ने आगे बताया, ग्राहक आमतौर पर अपनी पसंद की बाइक खरीदने के लिए रिसर्च करने और उस पर निर्णय लेने में काफी समय लगाते हैं। हालांकि, वे अक्सर फाइनेंसिंग पहलू को नजरअंदाज कर देते हैं, जिससे लोन प्रदाता चुनने में अनिश्चितता पैदा होती है। बहुत से लोग इस बात से अनजान हैं कि वे अपनी पसंद के टू-व्हीलर के लिए अपनी लोन पात्रता निर्धारित कर सकते हैं। टू-व्हीलर लोन एलिजिबिलिटी वाउचर के जरिए ग्राहक आसानी से अपनी लोन पात्रता की जांच कर सकते हैं, जिससे उन्हें अपने सपनों का टू-व्हीलर खरीदने का भरोसा मिलता है और साथ ही फाइनेंसिंग की सुलभ उपलब्धता को लेकर आश्वस्त हो जाते है।

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, सोमवार 14 अक्टूबर 2024

## लैलूंगा के कुंजारा हेलीपेड एवं आसपास का 3 कि.मी. क्षेत्र 'नो ड्रोन फ्लाई जोन' घोषित

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय 14 अक्टूबर को रायगढ़ जिले के लैलूंगा प्रवास पर रहेंगे। हेलीपेड कुंजारा के 03 किलोमीटर क्षेत्र को 'नो ड्रोन फ्लाई जोन' घोषित किया गया है। मुख्यमंत्री के जिला रायगढ़ तहसील लैलूंगा के कुंजारा हेलीपेड में लैंडिंग, उड़ान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए हेलीपेड कुंजारा तहसील-लैलूंगा के 03 किलोमीटर की परिधि को 'नो ड्रोन फ्लाई जोन' घोषित किया गया है।



# समाज के अंतिम व्यक्ति का उत्थान करने से होगा देश का उत्थान : रमेन डेका

### भगवान श्री अग्रसेन की जयंती समारोह में शामिल हुए राज्यपाल

**रायपुर (विश्व परिवार)।** समाज के अंतिम व्यक्ति का उत्थान करने से देश का उत्थान होगा। हमारे देश 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था तभी बन सकता है जब समाज के अंतिम व्यक्ति भी विकास की मुख्य धारा में शामिल हो। यह विचार राज्यपाल श्री रमेन डेका ने भगवान श्री अग्रसेन जयंती समारोह में व्यक्त किये।

छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन द्वारा रायपुर में आयोजित भगवान श्री अग्रसेन की 5148 वीं जयंती समारोह में राज्यपाल श्री डेका बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि आज के समय में, जब समाज में आर्थिक असमानता और सामाजिक विभाजन की चुनौतियाँ सामने हैं, भगवान अग्रसेन के आदर्श हमारे लिए एक मार्गदर्शक हो सकता है। उनका जीवन समाज के प्रत्येक व्यक्ति को समर्पण, समानता और सेवा का संदेश देता है। उनकी नीतियों में 'एक ईंट और एक रुपया' का सिद्धांत स्पष्ट रूप से समाज के कमजोर वर्गों के प्रति उनकी संवेदनशीलता को दर्शाता है। उन्होंने यह सिद्ध किया कि समाज का उत्थान तब ही संभव है, जब समाज का हर व्यक्ति समृद्ध हो।



राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि भगवान अग्रसेन के सिद्धांतों का पालन करते हुए अग्रवाल समाज ने समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने की भावना को बनाए रखा है। यह समाज हमें यह सिखाता है कि किस प्रकार एकजुट होकर समाज का हर व्यक्ति समृद्ध और सशक्त हो सके। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में भी अग्रवाल समाज की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उद्योगों का विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उनका योगदान और समाज सेवा की भावना प्रशंसा के योग्य है। छत्तीसगढ़ की सामाजिक और आर्थिक संरचना में अग्रवाल समाज ने अपनी अमिट छाप छोड़ी है। छत्तीसगढ़, अपनी विविधताओं के बावजूद, एकता का प्रतीक है। यहाँ हर वर्ग और समुदाय के लोग मिल-जुलकर रहते हैं और इसमें अग्रवाल समाज का महत्वपूर्ण योगदान है। हमें इस सामाजिक समरसता को बनाए रखने की दिशा में काम करना चाहिए। राज्यपाल ने अग्रवाल समाज के द्वारा छत्तीसगढ़ में समाज सेवा के क्षेत्र में किए गये कार्यों को लिपिबद्ध करने का सुझाव दिया जिससे आने वाली पीढ़ी जान सके कि उनके समाज का क्या योगदान है।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास में अग्रवाल समाज की उल्लेखनीय भागीदारी है। व्यापार के साथ-साथ वे सेवा के कार्य भी करते हैं। उन्होंने अग्रवाल समाज के लोगों से आग्रह किया कि कम से कम एक गरीब कन्या का विवाह, एक गरीब बच्चे की शिक्षा, एक गरीब व्यक्ति का इलाज कराने और एक गरीब बस्ती को गोद लेने का संकल्प लें तभी समाज की सार्थकता सिद्ध होगी।

कार्यक्रम में अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष सियाराम अग्रवाल ने स्वागत उद्बोधन दिया। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के चेयरमेन अशोक अग्रवाल ने संगठन द्वारा किये जा रहे समाज सेवा के कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। समारोह में विशिष्ट योगदान देने वाले समाज के विभूतियों को राज्यपाल ने सम्मानित किया।

# सुहिणी सोच के डांडिया नाइट में बेस्ट गरबा जोड़ी अजय एवं महक व गरबा क्वीन रहे प्रियांशी मथानी



### सुहिणी सोच ने डांडिया नाइट के आनंद में सरोबार किया रायपुरियन्स को सुहिणी सोच द्वारा आयोजित

**रायपुर (विश्व परिवार)।** 11 अक्टूबर स्थान शक्ति धाम स्वामी हरि गिरि महाराज धरमशाला गली नंबर 7 रवि ग्राम तेलीबांधा रायपुर, छत्तीसगढ़ में सुहिणी सोच ने हमेशा की तरह समाज में नेतृत्व कला संस्कार और मेलजोल के विकास के लिए कार्यक्रम किये है इस श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए शक्ति धाम तेलीबांधा में मां दुर्गा के दरबार में धार्मिक एवं पारिवारिक माहौल में अष्टमी के उपलक्ष में निशुल्क गरबा का आयोजन किया गया, संस्था की संस्थापिका मनीषा तरवानी सचिव पूनम बजाज व पूर्व अध्यक्ष करिश्मा कमलानी ने बताया कि यह कार्यक्रम को हर्षोल्लास

के साथ बुजुर्गों से लेकर बच्चो के लिए की उत्साहवर्धक किया गया और वे खुद को रोक न पाए तथा गरबे की ताल में रम गए कार्यक्रम निर्देशक सोनिया इसरानी जागृति जोतवानी व महिमा लाहोरी ने बताया कि गरबा के दौरान माहौल अतिमनमोहक हो गया जिसमें कि दर्शकगण भी शामिल होकर गरबा का भरपूर आनंद लिए व निर्णायकगण ने सभी प्रतिभागियों को केटगरी के अनुसार आकर्षक उपहारों से नवाजा निर्णायक गण में विजय तारवानी माही किंगरानी धानवी भागवानी की शामिल थे।

प्रतियोगियों की श्रृंखला इस प्रकार थी बेस्ट डांस ग्रुप रनर - तेजवानी एंड ग्रुप बेस्ट डांस ग्रुप विनर-गुड वाइब्स बेस्ट कपल विनर अजय तेजवानी बेस्ट कपल रनर -पवन तारवानी, बेस्ट गरबा क्वीन- प्रियांशी मथानी गरबा किंग-विनोद तारवानी बेस्ट ड्रेस अप मेल- साहस बेस्ट ड्रेसअप फीमेल-आंचल देवानी, बेस्ट ओल्डएज रनर-राम खटवानी व संध्या खटवानी रहे बेस्ट ओल्डेज अवॉर्ड विनर आई डी कलवानी बेस्ट गरबा किड्स- पीहू आसुदानी, मखीजा, कुहू थें।

उक्त कार्यक्रम में संस्था के प्रमुख चेतन तरवानी व अतियोगणो का योगदान भी सराहनीय। उपरोक्त जानकारी मीडिया प्रभारी कविता नारा (7067964800) ने साझा की।

# नवकार जाप ग्रुप एवं श्री दिगंबर जैन पंचायत ट्रस्ट मालवीय रोड रायपुर ने संयुक्त रूप से किया नवकार जाप



**रायपुर (विश्व परिवार)।** नवकार जाप ग्रुप एवं श्री दिगंबर जैन पंचायत ट्रस्ट मालवीय रोड रायपुर के द्वारा संयुक्त रूप से जैन समाज के साथ (नवकार जाप) प.पू. विनयकुशल मुनि जी म.सा.प .पू. श्री नंदीशेण मुनि जी म.सा. की पावन निश्रा मे 13/10/2024 रविवार सुबह 09 से 10 बजे तक विद्यासागर हॉल में हुआ ,मैनेजिंग ट्रस्टी नरेंद्र जैन अध्यक्ष यशवंत जैन, सचिव-सुजीत जैन, कोषाध्यक्ष-दिलीप जैन ने बताया जिन कुशल सूरी दादाबाड़ी रायपुर में विराजित गुरुवर मंगल विहार करते हुए श्री दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर पहुंचने पर पंचायत ट्रस्ट एवं दिगंबर जैन महिला मंडल के द्वारा मुनि संघ की आरती कर मंगल प्रवेश के लिए श्रीफल भेट किया। तत्पश्चात गुरु भगवन ने आदिनाथ,महावीर एवं पार्श्वनाथ वेदी में विराजित सभी प्रतिमाओं के दर्शन करते हुए मुख्य हाल में प्रवेश किया ,कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण एवं आचार्य श्री के चित्र के समक्ष जैन श्री संघ अध्यक्षों एवं वरिष्ठजनों ने दीप प्रवजल्लन करके किया।

गुरु भगवन ने णमोकार महामंत्र की महिमा बताई और कर्मों की निर्जरा करते हुए कैसे वैराग्य मार्ग में आगे बढ़ते हुए मोक्ष प्राप्त कर सकते है इसका उदाहरण देते कहा आगामी 19 से 23 नवंबर 24 में होने वाले भव्य दीक्षा महोत्सव में दीक्षार्थी श्री अरिहंत बुरड़ को सभा जैसे ही खड़ा कराया हर्ष हर्ष जय जय, जिन शान देव की जय जयकार की ध्वनि से गूंजायमान हो गया।

श्री दिगंबर जैन पंचायत ट्रस्ट कार्यकारिणी, महिला मंडल के द्वारा दीक्षार्थी, नवकार ग्रुप एवं सकल जैन संघ के उपस्थित पदाधिकारी गणों का जैन स्टॉल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। **-लोकेश चंद्रकांत जैन**

# गुरूदेव के भक्तों की हुई परीक्षा, दो से साठ वर्ष के प्रतिभागी हुए शामिल

**रायपुर (विश्व परिवार)।** संत शिरोमणि समाधिस्थ आचार्य विद्यासागर महाराज की तपश्चर्या और साधना ने लाखों अनुयायियों को धर्म की राह दिखाकर मोक्षमार्ग प्रशस्त किया है। यही वजह है कि आज भी उनके भक्त उनकों भगवान मानकर सर्वस्व समर्पित करने में अग्रणी रहते हैं। विद्यासागर महाराज के शरद पूर्णिमा के दिन मनाए जाने वाले जन्मोत्सव के पूर्व विभिन्न जिनालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं कराई जा रही हैं। इसी कड़ी में 1008 श्री वासुपूज्य दिगंबर जैन मंदिर में रविवार को गुरूदेव आचार्य विद्यासागर महाराज के जीवन, दर्शन से संबंधित दो प्रतियोगिताओं का आयोजन श्री आदिश्वर महिला मंडल द्वारा कराया गया। जिसमें दो वर्ष से लेकर 60 वर्ष तक के गुरूभक्तों ने अपनी भक्ति का परिचय दिया। पहली प्रतियोगिता 'आइए जाने गुरूदेव' को हुई जिसकी संयोजक अंजली जैन व अमिता जैन थीं। इस प्रतियोगिता में 40 बच्चों की मौखिक व लिखित परीक्षा ली गई तथा उनकी स्मरण शक्ति व गुरूभक्ति से प्रभावित होकर उन्हें तत्काल पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं दूसरी प्रतियोगिता 'एक पाती गुरूवर के नाम' हुई जिसमें युवा प्रतिभागियों से लेकर 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठों सहित 25 लोग शामिल हुए। आचार्य श्री के प्रति अपने मनोभावों को पाती के माध्यम से प्रेषित किया गया। स्थल पर ही सीमित अवधि में अपने उद्गारों को सभी ने खूबसूरती से शब्दों के माध्यम से प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम की आयोजक ममता जैन व स्मिता चैधरी थीं। इस प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा निर्णायकों द्वारा परीक्षण के उपरांत की जाएगी।




# छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा राज्य में साइबर अपराध एवं ऑनलाइन सुरक्षा विषय पर 5 से 19 अक्टूबर तक चलाया जा रहा साइबर जन जागरुकता पखवाड़ा अभियान




**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा राज्य में साइबर अपराध एवं ऑनलाइन सुरक्षा के विषय में जागरूकता फैलाने के लिए 5 अक्टूबर से 19 अक्टूबर, 2024 तक 15 दिवसीय साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है। साइबर जागरूकता पखवाड़ा में कोरबा पुलिस द्वारा सजग कोरबा अभियान की शुरूआत कर प्रतिदिन स्कूल कॉलेजों व आमजनों को मध्य पहुँचकर साइबर फ्रॉड, लोन एप्प, डिजिटल एरेस्ट, साइबर स्टॉकिंग, साइबर बूलिंग, फिसिंग सोशल मिडिया से होने वाले फ्रॉड व अन्य तरीकों से होने वाले साइबर अपराधों से बचने के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

रायपुर पुलिस द्वारा रेडियो चैनल 94.3FM के माध्यम से एवं सार्वजनिक स्थानों में डिजिटल होर्डिंग्स एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दुर्ग पुलिस द्वारा POLICE मूल मंत्र P- पासवर्ड, O- ओटपी, रु लिंक, 1 आईडेंटीफिकेशन, C-चैटिंग, E- इमरजेंसी दिया गया एवं हैशटैग रहें जागरूक करें जागरूक व साइबर प्रहरी एवं पुलिस गाडियों में 1930 के स्टीकर चिपकायें गये तथा चाय पे चर्चा नामक संवाद का अयोजन किया गया। मानपुर-मोहला अंबागढ़ चौकी द्वारा साइबर रावण का निर्माण किया गया है।

जिला रायगढ़ द्वारा साइबर-सुबह हैशटैग चालु किया गया है जहाँ रोज साइबर संदेश प्रसारित किया जाता है, नगर निगम आडिटोरियम में रायगढ़ पुलिस एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में साइबर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ती श्री प्रशांत मिश्रा एवं श्री ओपी चौधरी विधायक रायगढ़/वित्त मंत्री, छ.ग. शासन विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित हुये। रायगढ पुलिस द्वारा NRVS, JSW, BS प्लांट में एवं रायगढ़ पुलिस एवं हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन एवं आटो संघ द्वारा साइबर जागरूकता रैली निकालकर जनता को साइबर अपराध के संबंध में जागरूक किया गया। सुकमा एवं बस्तर पुलिस द्वारा हल्बी, हिंदी, गोडी में आडियों मैसेज के माध्यम से जन पहुँच वाले स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बेमेतरा पुलिस द्वारा साइबर रथ रवाना कर जागरूकता कार्यक्रम का संचालन किया गया। राजनांदगांव पुलिस द्वारा नवा-बिहान अभियान का आयोजन, बिलासपुर पुलिस द्वारा साइबर की पाठशाला, दंतेवाड़ा पुलिस द्वारा साइबर संगवारी रथ, जिला सक्ति में साइबर बड़ी, जॉजगीर में जन-चौपाल, जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही द्वारा दिनांक 06.10.2024 को देश के प्रतिष्ठित इनवेस्टीगेशन एजेंसियों के नामचीन साइबर सलाहकार ईशान सिंन्हा ने पाठशाला आयोजित कर डिजिटल हाउस अरेस्ट, के संबंध में जानकारी दी एवं साइबर अपराध के संबंध में जागरूक कराया, दिनांक 08.10.2024 को डिजिटल पैरेंटिंग एवं ऑनलाईन प्रेडेटर्स के संबंध में जानकारी दी एवं वृहद समाधान शिविर का आयोजन, जिला कोंडागांव द्वारा नुक्कड नाटक के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन।

राज्य के समस्त जिलों द्वारा थाना क्षेत्रांर्गत दुर्गा पंडाल, धर्मिक स्थलों, गरबा स्थल, चौक-चौराहे, साप्ताहिक बाजार, स्कूल कॉलेजो, मेलों, ग्राम चौपाल इत्यादि स्थानों पर लगातार साइबर जागरूकता अभियान के माध्यम से साइबर अपराध संबंधित जानकारी जैसे ऑनलाईन खरीददारी, क्रेडिट/डेबिट कार्ड धोखाधड़ी, फर्जी कस्टमर केयर/टोल फ्री नंबर के माध्यम से फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट, लोन फ्रॉड, सोशल मीडिया से होने वाले फ्रॉड इत्यादि आमजनों तक पहुंचाई जा रही है साथ ही इससे के बचने के उपाय के संबंध में अज्ञात लिंक पर क्लिक न करने, अनजान वीडियो कॉल स्वीकार न करने, मजबूत पासवर्ड बनाने, गोपनीय जानकारी साझा नहीं करने की जानकारी दिया जा रहा है। साइबर अपराध के शिकार होने पर 1930 एवं www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करने की जानकारी साझा किया जा रहा है।




### सुश्री रीता शांडिल्य छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त

**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारतीय प्रशासनिक सेवा की सेवानिवृत्त अधिकारी सुश्री रीता शांडिल्य को छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (पीएससी) के सदस्य के रूप में नियुक्त किया है। इस आशय का आदेश छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर से जारी कर दिया गया है।

